
मंगलवार, 02 जून 2026, ज्येष्ठ कृष्ण द्वितीया, विक्रम संवत 2083

www.aajtak.in

भारत, कुल पृष्ठ-12



चैम्पियन बनने के बाद भी नहीं निकलेगी RCB की विक्ट्री परेड

PAGE - 07

# आज तक

सबसे तेज़

करीना के साथ काम करने की सैफ ने रखी शर्त

PAGE - 12



AN INDIA TODAY GROUP PRESENTATION

### मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद और वाराणसी के कई प्रतिष्ठित क्लब अब चर्चा में

# दिल्ली जिमखाना पर एक्शन, कई बड़े क्लब बेचैन

**आनंद सिंह, आजतक**

दिल्ली जिमखाना क्लब को सरकारी जमीन खाली करने के नोटिस ने देशभर के एलीट क्लबों की लीज व्यवस्था और विशेषाधिकारों पर नई बहस छेड़ दी है. मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद और वाराणसी के कई प्रतिष्ठित क्लब भी अब चर्चा के केंद्र में हैं.

सवाल यह है कि रियायती दरों पर सरकारी जमीन का लाभ उठाने वाले इन संस्थानों की जवाबदेही कितनी है. वहीं, समर्थकों का तर्क है कि ये क्लब खेल, रोजगार और देश की सामाजिक-खेल विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं. इस पूरे विवाद की शुरुआत दिल्ली जिमखाना क्लब को मिले एक नोटिस से हुई है. केंद्र सरकार ने क्लब से कहा है कि वह 5 जून तक अपनी 27 एकड़ जमीन खाली कर दे. सरकार का कहना है कि इस जमीन की जरूरत रक्षा ढांचे और अन्य सार्वजनिक परियोजनाओं के लिए है. प्रधानमंत्री आवास के पास स्थित यह क्लब देश के सबसे खास क्लबों में गिना जाता है. इस कार्रवाई के बाद सवाल उठ रहे हैं कि सरकारी जमीन पर बने एलीट क्लबों को इतनी बड़ी जगह और सुविधाएं मिलनी चाहिए या नहीं.

- दिल्ली जिमखाना को 5 जून तक खाली करना है
- कई क्लबों ने शुरू की अपने बचाव की तैयारी




**₹1000 सालाना लीज पर है दिल्ली जिमखाना**

दिल्ली जिमखाना क्लब लुटियंस की 27 एकड़ सरकारी जमीन पर स्थित है. यह भूमि क्लब को लगभग ₹1,000 सालाना किराए पर लीज पर दी गई है. क्लब पहले भी प्रबंधन संबंधी विवादों और सदस्यता प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी के आरोपों को लेकर चर्चा में रहा है.

**दिल्ली गोल्फ क्लब भी निशाने पर:** दिल्ली गोल्फ क्लब भी इस बहस के दायरे में आ गया है. राजधानी के बीचों-बीच करीब 170 एकड़ सरकारी जमीन पर फैला यह क्लब फिलहाल सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में है. हालांकि इसकी लीज 2050 तक वैध है. क्लब परिसर में कई ऐतिहासिक स्मारक भी मौजूद हैं, जिनमें कुछ भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के संरक्षण में हैं. हालांकि, ये स्मारक आम लोगों की पहुंच से बाहर हैं.



### मेसी की प्रतिमा को मिलेगा नया ठिकाना

कोलकाता में फुटबॉल प्रेमियों के बीच लोकप्रिय अर्जेंटीना के दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी की प्रतिमा को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है. कुछ दिनों पहले प्रतिमा हिलने लगी थी. (Photo: AFP)

### राजनीतिक सरगर्मियां, गतिविधियां और तैयारियां दे रहीं संकेत

# यूपी में समय से पहले होंगे चुनाव?

**कुमार अभिषेक, आजतक**

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव समय से पहले कराए जाने की चर्चाओं ने सियासी पारा चढ़ा दिया है. पश्चिम बंगाल में प्रचंड जीत से उत्साहित बीजेपी अब यूपी में चुनावी जमीन मजबूत करने में जुटी दिखाई दे रही है. गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन को भी पार्टी के चुनावी अभियान के शुरुआती संकेत के तौर पर देखा जा रहा है. वहीं, पंचायत चुनावों को लेकर अनिश्चितता खत्म होने के बाद राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं.

बदलते माहौल को देखते हुए विपक्षी दल भी अपनी रणनीति मजबूत करने में जुट गए हैं. हालांकि, प्रदेश में विधानसभा चुनाव अगले साल फरवरी-मार्च में प्रस्तावित हैं, लेकिन अब इन्हें समय से पहले कराए जाने की अटकलें तेज हो गई हैं.

इसकी बड़ी वजह आगामी राष्ट्रीय जनगणना को माना जा रहा है. सूत्रों के मुताबिक, जनगणना विभाग ने निर्वाचन आयोग को अवगत कराया है कि फरवरी-मार्च के दौरान देशभर में जनगणना अभियान तेज गति से चलाया जाएगा. कैबिनेट के जरिए इस समय सीमा को हरी झंडी दे दी गई है. इसके चलते प्रशासनिक अमले और सरकारी कर्मचारियों की बड़ी संख्या इस कार्य में लगी रहेगी.



- नवंबर-दिसंबर मतदान की अटकलें तेज हुईं
- जनगणना है समय बदलने की वजह

**राजनीतिक दल अपनी-अपनी रणनीति में जुटे**

बीजेपी नेताओं का कहना है कि हालिया चुनावों में मिली जीत से जो राजनीतिक मोमेंटम बना है, उसका फायदा उन्हें यूपी और उत्तराखंड में भी मिलेगा. हालांकि, इतिहास यह भी बताता है कि जब 2004 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने चुनाव प्रीपोन किए थे, तो 'इंडिया शाइनिंग' के बावजूद बीजेपी को नुकसान हुआ था.

### कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर फिर महंगा

**नई दिल्ली, आजतक**

जनवरी से अब तक कमर्शियल सिलेंडर कीमत लगभग दोगुनी हो चुकी है. सोमवार को भी कीमतों में इजाफा किया गया, जिसके बाद दिल्ली में प्रति सिलेंडर 42 रुपये की बढ़ोतरी हुई है. कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में इस वृद्धि से पहले ही किल्लत का सामना कर रहे होटल, रेस्तरां और अन्य प्रतिष्ठानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है.

### कॉकरोच जनता पार्टी का 6 को प्रदर्शन

**नई दिल्ली, आजतक**

कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दिपके ने कहा है कि वो 6 जून को भारत वापस आएंगे और दिल्ली में एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे. उनकी मांग है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए. वजह है परीक्षा से जुड़ी गड़बड़ियां, जिनसे लाखों छात्र परेशान हैं. अभिजीत दीपके ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो जारी किया.

**आज तक — दरअसल**




epaper.aajtak.in

### जुलाई 2025 के बाद ED में इस्तीफे का दूसरा बड़ा मामला

# माल्या से महादेव ऐप तक जांच करने वाले ने लिया VRS

**नई दिल्ली, आजतक**

नीरव मोदी, विजय माल्या और महादेव ऑनलाइन बेटिंग ऐप जैसे कई बड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामलों की जांच का नेतृत्व कर चुके प्रवर्तन निदेशालय (ED) के वरिष्ठ अधिकारी सत्यब्रत कुमार ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (VRS) ले ली है. सूत्रों के अनुसार, सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर कैडर के 2004 बैच के 48 वर्षीय इस अधिकारी ने अप्रैल में VRS के लिए आवेदन दिया था, जिसे केंद्र सरकार ने औपचारिक मंजूरी दे दी है. अभी 48 वर्षीय अधिकारी के पास सेवा में 11 साल बाकी थे, लेकिन उन्होंने सरकारी सेवा छोड़कर व्यक्तिगत कार्यों को आगे बढ़ाने का फैसला किया है.

- सत्यब्रत कुमार के पास सेवा के लगभग 11 वर्ष शेष थे
- एक साल पहले ED से हटाकर सिलिगुड़ी में की गई थी तैनाती



सत्यब्रत कुमार. (Photo: Facebook)


**2037 में होना था रिटायर**

अधिकारियों के मुताबिक, 48 वर्षीय कुमार का नियमित सरकारी कार्यकाल साल 2037 तक निर्धारित था. 60 वर्ष की सुपरएनुएशन उम्र तक पहुंचने से पहले ही उनके पास सेवा के करीब 11 साल बचे थे, लेकिन उन्होंने पहले ही पद छोड़ दिया. एक साल से भी कम समय में ये दूसरा मौका है, जब किसी बड़े अधिकारी ने ईडी से हटने के तुरंत बाद सरकारी सेवा को छोड़ दिया है.

### नागा युवक को लगी गोली, इलाके में बढ़ा तनाव

# मणिपुरः घात लगाकर ग्रामीणों पर फायरिंग

**मणिपुर के कांगपोकपी में पानी की पाइपलाइन ठीक करने गए नागा ग्रामीणों पर अज्ञात हथियारबंद लोगों ने घात लगाकर अंधाधुंध फायरिंग की. इस हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद इलाके में नागा-कुकी तनाव गहरा गया है.**



हमलावरों ने नागा ग्रामीणों पर हमला किया. (Photo- ITG)

**बेबी शिरीन, आजतक**

मणिपुर के कांगपोकपी में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने घात लगाकर हमला कर दिया. इस हमले में 23 साल का एक नागा ग्रामीण गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं. इस घटना के बाद नागा और कुकी समुदायों के बीच एक बार फिर तनाव गहरा गया है. पुलिस के मुताबिक, ये घटना तागियुकी नदी के पास हुई. ये जगह नागा-बहुल आबादी वाले कोनसाखुल गांव से लगभग दो किलोमीटर दूर है.

गांव के तीन लोग वहां पानी की उस पाइपलाइन की मरम्मत करने गए थे, जिससे उनके गांव में पानी की सप्लाई होती है. इस हमले में घायल हुए युवक की पहचान कछियाकलुंगबौ चवांग (23) के रूप में हुई है.

### दोषियों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई

'फुटहिल्स नागा कोआर्डिनेशन कमेटी' (FNCC) ने इस घटना की निंदा की है. उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले महीनों में भी ऐसे कई हमले हुए हैं, लेकिन दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई. कोनसाखुल ग्राम प्राधिकरण ने एक बयान जारी कर इस हमले को 'बर्बर और अमानवीय' बताया.

### भारत ने फ्रांस को भेजा 'लेटर ऑफ रिक्वेस्ट'

# 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने की प्रक्रिया शुरू

**मंजीत नेगी, शिवानी शर्मा, आजतक**



भारतीय वायु सेना की क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है. भारत सरकार ने भारतीय वायु सेना के लिए 114 डसॉल्ट राफेल मल्टी-रोल फाइटर जेट्स की खरीद के लिए 'लेटर ऑफ रिक्वेस्ट' (LoR) को औपचारिक रूप से अंतिम रूप दे दिया है. करीब 3.25 लाख करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाला यह सौदा भारत के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा लड़ाकू विमान रक्षा समझौता होने जा रहा है. 'लेटर ऑफ रिक्वेस्ट' (LoR) एक आधिकारिक सरकारी दस्तावेज होता है, जिसके जरिए अंतर-सरकारी समझौते (IGA) के तहत बड़े रक्षा सौदों की प्रक्रिया शुरू की जाती है. इस आधिकारिक अनुरोध पत्र को आने वाले कुछ हफ्तों में औपचारिक रूप से फ्रांस सरकार को भेज दिया जाएगा. इस मेगा डिफेंस डील की सबसे बड़ी खासियत इसका स्वदेशीकरण है. प्रस्तावित समझौते के अनुसार, कुल 114 विमानों में से लगभग 90 जेट विमानों का निर्माण मेक इन इंडिया पहल के तहत भारत में ही किया जाएगा. इसके लिए फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनी डसॉल्ट एविएशन एक भारतीय निजी या सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी के साथ साझेदारी करेगी. भारत में बनने वाले विमानों की सटीक संख्या 92 हो सकती है, जबकि बाकी बचे 22 विमान फ्रांस से सीधे 'फ्लाई-अवे' (पूरी तरह से तैयार) स्थिति में भारत लाए जाएंगे. इस सौदे के तहत तैयार होने वाले विमानों में स्वदेशी पुर्जों और तकनीक की हिस्सेदारी करीब 50 फीसदी होने की उम्मीद है. इस सौदे का मुख्य उद्देश्य वायुसेना के घटते स्क्वाड्रन (squadron) की संख्या को संभालना और देश की हवाई सुरक्षा को अभेद्य बनाना है.

### दिल्ली में अगले हफ्ते होगी भारत-बांग्लादेश सीमा वार्ता



**नई दिल्ली, आजतक**

भारत और बांग्लादेश के बीच अगले हफ्ते दिल्ली में द्विवार्षिक महानिदेशक (DG) स्तर की सीमा वार्ता हो सकती है. बांग्लादेश में इस साल फरवरी में BNP की सरकार बनने के बाद ये दोनों देशों के बीच पहली शीर्ष बड़ी बैठक होगी. इस बैठक में सीमा सुरक्षा, बॉर्डर पर बाड़ लगाने, बीएसएफ कर्मियों पर हमलों, घुसपैठ और सीमा पार अपराधों को रोक लगाने और अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को सौंपने से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी.



### रथ यात्रा की तैयारी

गुजरात के सूरत में आगामी रथ यात्रा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं. इस दौरान श्रद्धालु और आयोजन से जुड़े लोग रथ के लकड़ी के पहियों की सफाई और सजावट में जुटे नजर आए. भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा राज्य के प्रमुख धार्मिक आयोजनों में से एक मानी जाती है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं. यात्रा को लेकर धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल अभी से देखने को मिल रहा है. रथयात्रा अगले महीने निकाली जाएगी. (Photo: PTI)

### सुप्रीम कोर्ट को मिले पांच नए न्यायाधीश



**संजय शर्मा, अनीषा माथुर आजतक**

सुप्रीम कोर्ट में पांच और जजों की नियुक्ति की सिफारिश को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपनी मंजूरी दे दी है. चीफ जस्टिस की अगुआई में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने हाल ही में चार हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों और एक वरिष्ठ अधिवक्ता को सुप्रीम कोर्ट में जज नियुक्त करने की सिफारिश की थी. राष्ट्रपति ने उन्हें सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त करने का वारंट यानी परवाना जारी कर दिया है. मंगलवार को इनकी शपथ विधि हो जाएगी.

### इस बार सिर्फ 90% बारिश होने का अनुमान

# धीमी पड़ी मॉनसून की चाल

**नई दिल्ली, आजतक**


मॉनसून दो-तीन दिन की देरी से आ रहा है. (Photo: PTI)

देश के कृषि क्षेत्र और अर्थव्यवस्था के लिए सबसे महत्वपूर्ण माना जाने वाला दक्षिण-पश्चिम मॉनसून अब बहुत करीब आ गया है. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने अपनी ताजा भविष्यवाणी में कहा है कि अगले दो से तीन दिनों के भीतर मॉनसून केरल में दस्तक दे सकता है. आम तौर पर भारत में मॉनसून के आगमन की आधिकारिक तारीख 1 जून मानी जाती है, लेकिन इस बार इसमें कुछ दिनों की देरी देखी जा रही है. मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में वायुमंडलीय परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल बनी हुई हैं, जिससे दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व अरब सागर के कुछ और हिस्सों, लक्षद्वीप द्वीप समूह, केरल के कुछ हिस्सों तथा तमिलनाडु की ओर आगे बढ़ने के लिए रास्ता साफ हो गया है.

इस साल मॉनसून के आगमन को लेकर मौसम विभाग के अनुमानों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिला है.

### JOY मीम



सपा में टिकट का नया फॉर्मूला

# अब 'जिताऊ और टिकाऊ' पर ही अखिलेश खेलेंगे दांव!

**उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव सपा के लिए काफी अहम हैं. 10 साल से सत्ता का वनवास झेल रहे सपा प्रमुख अखिलेश यादव 2027 में किसी तरह की गलती नहीं करना चाह रहे हैं. इसीलिए टिकट वितरण के लिए नया फॉर्मूला तैयार किया है.**



अखिलेश सर्वे के रिपोर्ट कार्ड के साथ ही फीडबैक के आधार पर टिकट फाइनल करेंगे.

**समर्थ श्रीवास्तव, आजतक**

उत्तर प्रदेश में अगले साले होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर समाजवादी पार्टी ने अभी से अपनी जमीनी तैयारियां तेज कर दी हैं. लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों से उत्साहित सपा अब फूंक-फूंककर कदम रख रही है और किसी तरह की कोई गलती नहीं करना चाही है. ऐसे में कैंडिडेट सेलेक्शन के लिए सपा पूरी तरह सतर्क है और अलग फॉर्मूला बनाया है. अखिलेश यादव का फोकस 'जिताऊ और टिकाऊ' उम्मीदवार के चयन करने का है. 2027 चुनाव के टिकट बंटवारे में अखिलेश यादव किसी तरह की कोई गलती नहीं करना चाहते हैं. इसके लिए सपा निजी एजेंसी से प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों का रिपोर्ट कार्ड तैयार करा रही है.


### सपा का वोट शेयर बढ़ाने का प्लान

**सपा सिर्फ टिकट बांटना ही नहीं, बल्कि बूथ स्तर पर 'बूथ कमेटियों' को पुनर्गठित किया जा रहा है ताकि मतदान के दिन वोटिंग फीसदी को बढ़ाया जा सके. अखिलेश यादव का मानना है कि 2022 का विधानसभा चुनाव पार्टी अच्छा लड़ी थी.**

पोस्टर से बढ़ी हलचल

# बीजेपी से अलग होकर नई पार्टी बनाएंगे अन्नामलाई?

**प्रमोद माधव, आजतक**




तमिलनाडु में सरकार बन चुकी है, लेकिन राज्य की राजनीति में हलचल थमी नहीं है. नई खबर तमिलनाडु बीजेपी के युवा नेता अन्नामलाई को लेकर है. चर्चाएं हैं कि अन्नामलाई बीजेपी से अलग होकर नई पार्टी बनाने जा रहे हैं. तमिलनाडु के शहर कोयम्बूटर में कई जगह अन्नामलाई को पोस्टर लगे हैं.

इन पोस्टर्स में अन्नामलाई की तस्वीर है और नीचे लिखा है- Fearless minds gave no limits. यानी कि निडर सोच की कोई सीमा नहीं होती. जिससे इस बात की अटकलें तेज हो गई हैं कि क्या तमिलनाडु BJP के पूर्व अध्यक्ष एक नई राजनीतिक पार्टी शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं. इस बारे में जब अन्नामलाई से पूछा गया तो उन्होंने इनकार भी नहीं किया. चेन्नई से दिल्ली आते वक्त जब पत्रकारों ने उनसे एक नई पार्टी शुरू करने की अटकलों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, "कृपया इंतजार करें, हम दो दिनों में बैठकर बात करेंगे." सूत्रों ने बताया कि BJP नेता दिल्ली में पार्टी प्रेसिडेंट नितिन नवीन से मिलने वाले हैं. यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब BJP कोयंबटूर में अपनी राज्य केंद्रीय समिति की बैठक कर रही है. उनके समर्थकों ने कहा कि उनका प्रशंसक वेलफेयर संगठन,'अन्नामलाई अन्बू कूट्टम', नए सदस्यों और पदाधिकारियों को स्वीकार कर रहा है.

संदीपन साहा और रितब्रत बनर्जी पर हुआ एक्शन

# बागियों पर ममता की सख्ती, TMC के दो विधायक निष्कासित

**इंद्रजीत कुंडू, आजतक**



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव हारने के बाद टीएमसी में लगातार उथल-पुथल मची हुई है. TMC ने अपने दो विधायकों, रितब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से निष्कासित कर दिया है. यह कार्रवाई मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की उस प्रेस कॉन्फ्रेंस के तुरंत बाद हुई है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि विधानसभा में कथित हस्ताक्षर जालसाजी मामले की सीआईडी जांच इन्हीं दोनों टीएमसी विधायकों की ओर से विधानसभा अध्यक्ष को दी गई औपचारिक शिकायत के आधार पर शुरू की गई थी. टीएमसी के इस फैसले को राज्य की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम माना जा रहा है. हालांकि पार्टी की ओर से निष्कासन के पीछे आधिकारिक कारणों का विस्तृत विवरण अभी सामने नहीं आया है. बता दें कि संदीपन साहा भी उन साठ विधायकों में शामिल हैं जो ममता बनर्जी के कालीघाट आवास पर होने वाली बैठक में नहीं पहुंचे थे और बैठक को रद्द कर दिया गया था. बता दें कि सोमवार को ममता बनर्जी ने कालीघाट स्थित अपने आवास पर सभी विधायकों की बैठक बुलाई थी, जिसमें ज्यादातर विधायक शामिल नहीं हुए.

## बंगालः अर्जुन सिंह, अशोक डिंडा बने मंत्री

**कोलकाता, आजतक**

पश्चिम बंगाल की नवनिर्वाचित बीजेपी सरकार के मंत्रिमंडल का पहला बड़ा विस्तार सोमवार को संपन्न हो गया. मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की मौजूदगी में राज्यपाल आरएन रवि ने 35 विधायकों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. इस विस्तार के साथ ही राज्य मंत्रिमंडल के कुल मंत्रियों की संख्या अब छह से बढ़कर 41 हो गई है, जो कि 294 सदस्यीय विधानसभा में मंत्रियों की अधिकतम संख्या से महज तीन कम है. राज्यपाल आरएन रवि और मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की मौजूदगी में नबान्न में आयोजित मंत्रिमंडल विस्तार के शपथ ग्रहण समारोह में 13 कैबिनेट मंत्री, तीन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 19 राज्य मंत्रियों ने शपथ ग्रहण की.

नीट पर संसदीय समिति की बैठक

# दिग्विजय सिंह ने क्यों की पीएम मोदी की तारीफ?

**हिमांशु मिश्रा, आजतक**



NEET विवाद के बीच सोमवार को शिक्षा मंत्रालय की संसदीय समिति की बैठक हुई. इसमें सबसे ज्यादा चर्चा कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के बयान की रही. समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा देश की व्यवस्था पर पूरा भरोसा जताया. उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि छात्रों के साथ कोई अन्याय नहीं होगा, न ही उनके हितों से कोई समझौता किया जाएगा. उन्होंने साफ किया कि यह विषय राजनीति का नहीं, बल्कि लाखों बच्चों व माता-पिता की चिंता से जुड़ा हुआ है. इस अहम बैठक में आगामी 21 जून को होने वाली नीट पुनर्परीक्षा की तैयारियों को लेकर भी विस्तार से बात हुई. इसमें पेपर को पूरी तरह सुरक्षित बनाने तथा छात्रों के मन में दोबारा विश्वास जगाने को लेकर कई जरूरी सुझाव दिए गए. बैठक शुरू होने से पहले समिति के सदस्यों के बीच अनौपचारिक बातचीत हुई. इस दौरान सत्तापक्ष के कुछ सांसदों ने सवाल उठाया कि जांच जारी रहने के बीच ऐसी बैठकों की जरूरत क्या है. क्या इस मुद्दे का राजनीतिकरण हो रहा है.

## महाराष्ट्र MLC चुनाव को लेकर BJP की पहली लिस्ट जारी

**मुंबई, आजतक**

बीजेपी ने महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है. पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने स्थानीय प्राधिकरण निर्वाचन क्षेत्रों से होने वाले द्विवार्षिक चुनाव और उप-चुनाव 2026 के लिए उम्मीदवारों की सूची को अपनी मंजूरी दे दी है. पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से जारी इस लिस्ट में राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों से अनुभवी नेताओं को चुनावी मैदान में उतारा गया है.

RJD ने NDA के खिलाफ खोला नया मोर्चा

# बिहार में सरकारी बंगले पर बढ़ी राजनीतिक तकरार

**रोहित कुमार, आजतक**

बिहार में सरकारी आवास को लेकर चल रहा विवाद अब और तेज हो गया है. राष्ट्रीय जनता दल (RJD) ने सोमवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) के कई नेताओं पर नया राजनीतिक हमला बोला. यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने साफ कर दिया है कि वह अपना सरकारी बंगला खुद से खाली नहीं करेंगी.

राबड़ी देवी ने कहा कि अगर सरकार चाहती है तो उन्हें जबरन आवास से बाहर कर सकती है.



आवास की जंग में आमने-सामने RJD-NDA. (Photo: ITG)

उनके इस बयान के कुछ ही समय बाद RJD ने सोशल मीडिया पर एक विस्तृत पोस्ट जारी कर सरकार और NDA नेताओं पर कई सवाल उठाए. RJD ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद सम्राट चौधरी ने 1 अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास परिसर के आसपास के सरकारी बंगलों को इसमें शामिल कर लिया. पार्टी का दावा है कि इससे मुख्यमंत्री आवास का क्षेत्रफल बढ़कर लगभग 15 एकड़ हो गया है. पार्टी ने कहा कि देश के सबसे गरीब राज्यों में गिने जाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री के पास अब देश के सबसे बड़े और आलीशान सरकारी आवासों में से एक है. RJD ने सवाल उठाया कि क्या किसी मुख्यमंत्री को रहने और कार्यालय संचालन के लिए करीब 15 एकड़ जमीन, लगभग 24 बीघा या 480 कट्ठा क्षेत्र की जरूरत होती है.



## फिरोजपुर में काला गाबा की हत्या, लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी!

**अरविंद ओझा,आजतक**

पंजाब के फिरोजपुर जिले में हुए चर्चित काला गाबा हत्याकांड ने नया मोड़ ले लिया है. इस मामले में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट जारी कर हत्या की जिम्मेदारी लेने का दावा किया है. पोस्ट सामने आने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है. सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने वालों ने खुद को आर.डी. धालीवाल, हरमन संधू और टायसन बिश्नोई बताया है. पोस्ट की शुरुआत 'राम-राम सभी भाइयों को' से की गई है. इसमें कहा गया है कि पंजाब के माखू क्षेत्र में हुई काला गाबा की हत्या की जिम्मेदारी वह लेते हैं. गैंग ने दावा किया कि मृतक ने ऐसी हरकतें की थीं जिन्हें कभी माफ नहीं किया जा सकता था और इसी वजह से उसे निशाना बनाया गया.

**सीएम बोले- दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी बर्दाश्त नहीं**

# सूर्या हत्याकांड पर योगी का सख्त संदेश

**गाजियाबाद में 17 वर्षीय सूर्या चौहान की चाकू मारकर हत्या के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराधियों को सख्त चेतावनी दी है. मुख्य आरोपी असद के एनकाउंटर के बाद प्रशासन ने उसके खोड़ा स्थित अवैध घर पर बुलडोजर कार्रवाई का नोटिस चस्पा कर दिया है.**



आरोपी असद के घर पर नोटिस चस्पा किया गया. (Photo: ITG)

**संजीव शर्मा, आजतक**

उत्तर प्रदेश के बिजनौर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद में सूर्या प्रताप चौहान और असद से जुड़ी घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. नालायक औलादों को सबक सीखना ही होगा. सीएम ने कहा कि शस्त्र उठाना होगा अगर सामने खर-दूषण हो. मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की संवेदनाएं सामान्य और कानून का पालन करने वाले नागरिकों के साथ हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र के अनुरूप प्रदेश और देश में सभी वर्गों को बिना किसी भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है.

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अहिंसा और मानवता समाज के आभूषण हैं.

### असद के घर पर चलेगा बुलडोजर! नोटिस चस्पा

**गाजियाबाद के खोड़ा क्षेत्र स्थित नवनीत विहार में प्रशासन ने सूर्या प्रताप चौहान हत्याकांड के मुख्य आरोपी असद के घर के बाहर उप जिलाधिकारी द्वारा जारी नोटिस चस्पा किया है. अधिकारियों ने ढोल बजवाकर और लाउडस्पीकर से पूरे इलाके में 15 दिन के भीतर अवैध कब्जा हटाने का अल्टीमेटम दिया. यह पुरानी संपत्ति असद के पिता के नाम पर पंजीकृत है, जिसे बेचे जाने की बातें कही जा रही थीं.**

**150 निर्माणों पर होनी है कार्रवाई**

# दिल्ली के शालीमार बाग में बुलडोजर एक्शन

**नई दिल्ली,आजतक**

दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में भारी सुरक्षा और अर्धसैनिक बलों की मौजूदगी के बीच रविवार रात से ही बुलडोजर कार्रवाई जारी रही. सड़क चौड़ीकरण के लिए प्रशासन ने लगभग 150 निर्माणों पर कार्रवाई शुरू की है. यह एक्शन प्रशासन की ओर से जारी नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद लिया गया है. इस कार्रवाई की जद में आम आदमी पार्टी की पूर्व विधायक वंदना कुमारी का कार्यालय भी आया है. बता दें, मास्टर प्लान के अनुसार इस सड़क की चौड़ाई 30 मीटर होनी चाहिए थी, लेकिन अतिक्रमण के कारण यह संभव नहीं हो पाया. सड़क किनारे बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण खड़े हो गए थे, जिससे क्षेत्र में अक्सर जाम और जलभराव की समस्या बनी रहती थी.



**नेटवर्क मार्केटिंग के जरिए लखपति बनने का दिया लालच**

# कुशीनगर में झांसा देकर बंधक बनाए 453 नेपाली नागरिक



कुशीनगर पुलिस की गिरफ्त में फ्रॉड केस के आरोपी (Photo- Screengrab)

**कुशीनगर, आजतक**

कुशीनगर पुलिस, स्वाट टीम और एसटीएफ गोरखपुर की संयुक्त टीम ने कसया थाना क्षेत्र में छापेमारी कर नेपाल के नागरिकों को ठगने वाले एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह के 10 सदस्यों को गिरफ्तार किया है. पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर गठित टीमों ने पिछले कुछ दिनों से मिल रही लगातार शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की. आरोपियों ने नेपाल के गरीब लोगों को पढ़ाई, नौकरी और नेटवर्क मार्केटिंग से बेहतर कमाई का झांसा देकर कुशीनगर बुलाया था.

**यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड ने लिया फैसला**

# परीक्षा केंद्रों पर नहीं उतरवाए जाएंगे कलावा और मंगलसूत्र

**संतोष शर्मा, आजतक**

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर इस बार एक बड़ा फैसला लिया है, जिससे परीक्षा देने जा रही लाखों शादीशुदा महिलाओं और अभ्यर्थियों ने राहत की सांस ली है.

अक्सर परीक्षाओं में कड़े सुरक्षा नियमों के नाम पर कलावा काटने या मंगलसूत्र उतरवाने की तस्वीरें सामने आती हैं, जिससे अभ्यर्थियों को मानसिक तनाव से गुजरना पड़ता है. लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा. भर्ती बोर्ड ने साफ कर दिया है कि परीक्षा केंद्रों पर कलावा या



75 जिलों में 28 लाख अभ्यर्थी देंगे परीक्षा.

मंगलसूत्र जैसे धार्मिक प्रतीकों को पहनने पर कोई पाबंदी नहीं होगी और चेकिंग के दौरान इन्हें जबरन हटवाया नहीं जाएगा. यह परीक्षा आठ जून से शुरू हो रही है. इस बार परीक्षा केंद्र में धार्मिक आस्था को सम्मान देने के साथ ही बोर्ड ने परीक्षा की शुचिता और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया है.

इस बार नकल माफियाओं पर लगाम लगाने के लिए सुरक्षा एजेंसियां और भी हाईटेक हो चुकी हैं. बोर्ड ने विशेष तौर पर निर्देश दिए हैं कि 'स्मार्ट मेटा चश्मे', इलेक्ट्रॉनिक पेन और अन्य छिपे हुए स्मार्ट गैजेट्स पर कड़ी निगरानी रखी जाए. सख्ती का आलम यह होगा कि परीक्षा ड्यूटी में तैनात रहने वाले कर्मचारी और शिक्षक भी केंद्र के भीतर अपना मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेंगे. सुरक्षा को देखते हुए एग्जाम सेंटर पर सीसीटीवी की नजरें लगी रहेंगी.

## खबरें और भी

### फैक्ट्री में गैस रिसाव, 3 मजदूरों की मौत

**लुधियाना:** पंजाब में देर रात लुधियाना की एक फैक्ट्री में चल रहे काम के दौरान जहरीली गैस का रिसाव शुरू हो गया. जिससे फैक्ट्री के अंदर काम कर रहे मजदूर उसकी चपेट में आ गए और तकरीबन 7 से 8 लोग बेहोश हो गए. जिन्हें फैक्ट्री संचालक ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया.

### पटना में गैस सिलेंडर वेंडर की हत्या

**पटना:** पटना के दानापुर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी. घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और लोगों में दहशत का माहौल बन गया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है.

### कलमा पढ़कर युवक ने खुद को मारी गोली

**मुरादाबाद:** मुरादाबाद जिले के कुंदरकी थाना क्षेत्र में एक युवक ने मानसिक रूप से परेशान होकर अपने घर के बंद कमरे में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. युवक पांच दिन पहले ही पंजाब से काम करके घर लौटा था और उसने रविवार को इस आत्मघाती कदम को अंजाम दिया.

### यूपी: सड़क किनारे अदा की नमाज, 35 पर FIR

**बिजनौर:** बिजनौर की चांदपुर थाना पुलिस ने 28 मई की सुबह जलीलपुर रोड स्थित ईदगाह के बाहर सार्वजनिक मार्ग पर नमाज अदा करने के मामले में एक्शन लिया है. 15 नामजद और 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है. बकरीद के त्योहार पर बड़ी संख्या में लोग नमाज के लिए पहुंचे थे.

### मंदिर में महिला नेत्री से जमकर मारपीट

**झांसी:** झांसी से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, थाना शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रसिद्ध श्री झरना पति धाम मंदिर में पुजारी की पत्नी ने ट्रस्ट की महिला अध्यक्ष और भाजपा नेत्री को जमकर लात-घूंसे, थप्पड़ जड़े और 'पटक-पटक' कर पीटा.

### श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, महिला की मौत

**हरिद्वार:** उत्तराखंड के हरिद्वार में सोमवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया. सप्तऋषि क्षेत्र के पास एक डंपर की टक्कर से श्रद्धालुओं से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई. इस हादसे में राजस्थान की एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि 38 अन्य यात्री घायल हो गए. घायलों में महिलाएं, पुरुष और बच्चियां शामिल हैं.

# कांग्रेस की चुनौतियां

**केरलम में जीत के बाद कांग्रेस की नजर अब उत्तर प्रदेश और पंजाब पर है. पंजाब में गुटबाजी और कमजोर प्रदर्शन, जबकि यूपी में संगठन, गठबंधन और सीट बंटवारे की चुनौतियां पार्टी के सामने सबसे बड़ी राजनीतिक परीक्षा बनकर खड़ी हैं.**



कुबूल अहमद | आजतक

केरलम की जंग फतह करने और कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने के साथ ही कांग्रेस एक बेहद नाजुक मोड़ पर खड़ी है. कांग्रेस बड़े पैमाने पर संगठनात्मक बदलाव करने की तैयारी कर रही है और पार्टी का पूरा फोकस उत्तर प्रदेश और पंजाब पर है. इन दोनों ही राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं, जहां कांग्रेस के सामने सियासी चुनौती जस की तस बनी हुई है. पंजाब में जहां कांग्रेस के सामने खोए हुए सियासी आधार को वापस पाने की चुनौती है, तो उत्तर प्रदेश में शून्य से उठकर अपने वजूद को साबित करने के साथ ही 2024 में मिली जीत के राजनीतिक माहौल को बनाए रखने की है. पंजाब में चुनौती 'अपनों को संभालने' की है, तो उत्तर प्रदेश में चुनौती 'खुद को जिंदा रखने' की है. उत्तर प्रदेश और पंजाब दोनों ही कांग्रेस के लिए सियासी रूप से काफी अहम हैं.

पंजाब- जहां हाल ही में नगर निकाय चुनाव के नतीजे आए हैं और 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं. वहीं, उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बिसात अभी से बिछने लगी है. ये दोनों राज्य कांग्रेस के लिए दो अलग-अलग तरह की कठिन राजनीतिक कुरुक्षेत्र बने हुए हैं. कांग्रेस 2029 के लोकसभा चुनावों के लिए अभी से कमर कस रही है.

इसी कड़ी में कई राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों की कुर्सी बदली जा सकती है. इस लिस्ट में पंजाब से कर्नाटक तक बदलाव की तैयारी है. इसके अलावा यूपी और राजस्थान को लेकर भी चर्चा तेज है. 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस का पूरा फोकस पंजाब और उत्तर प्रदेश पर रहने वाला है. पंजाब के मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग को पद से हटाए जाने की चर्चा है. हाल ही में हुए स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन काफी खराब रहा. इसके चलते राज्य इकाई में गुटबाजी काफी बढ़ गई है. कांग्रेस हाईकमान नहीं चाहता कि चुनाव से पहले यह विवाद और ज्यादा बढ़े. ऐसे में जल्द एक्शन लिया जा सकता है. इसके अलावा यूपी में भी अगले साल चुनाव है, जिसे लेकर सियासी सरगर्मी तेज है.

पंजाब कभी कांग्रेस का अभेद्य गढ़ माना जाता था, लेकिन 2022 में आम आदमी पार्टी (AAP) की प्रचंड लहर ने उसे सत्ता से बेदखल कर दिया था. दिल्ली की सत्ता से आम आदमी पार्टी के बाहर होने के बाद कांग्रेस को अपनी वापसी की उम्मीदें जागी थीं.

पंजाब में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसदों की बगावत ने कांग्रेस के हौसले बुलंद कर दिए थे, लेकिन नगर निकाय चुनावों के नतीजों ने कांग्रेस के सियासी घावों को एक बार फिर हरा कर दिया है. पंजाब में कांग्रेस के सामने कई चुनौतियां हैं. सबसे बड़ी चुनौती- पंजाब कांग्रेस की सबसे बड़ी दुश्मन कोई दूसरी पार्टी नहीं, बल्कि उसकी अपनी अंदरूनी गुटबाजी है. पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग और पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद चरणजीत सिंह चन्नी के बीच वर्चस्व की जंग जगजाहिर है.

**उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों और बूथों पर कांग्रेस का संगठन कागजों पर तो है, लेकिन जमीन पर निष्क्रिय है. जब तक बूथ स्तर पर मजबूत कैडर तैयार नहीं होता, तब तक बीजेपी के पन्ना प्रमुखों से मुकाबला करना नामुमकिन है.**

---

आज तक

संपादक की कलम से

## नीतीश कुमार की बेचैनी

बिहार की राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को समझना बहुत मुश्किल रहा है. अभी कुछ महीने पहले स्वेच्छा से मुख्यमंत्री पद छोड़कर उन्होंने राज्यसभा की ओर रुख कर लिया था. पर शायद उनका मन दिल्ली में रम नहीं रहा है. वे बार-बार पटना के सियासी गलियारों में सक्रिय नजर आ रहे हैं. हाल ही में 31 मई 2026 को उन्होंने पहले उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी से मुलाकात की और फिर जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा को अपने आवास पर बुलावा भेजा. "साढ़े दस बजे आइए, बात करनी है". यह सरल वाक्य बिहार की राजनीति में हलचल मचा गया. कुछ इसे संगठनात्मक फीडबैक सत्र बता रहे हैं, लेकिन ज्यादातर विश्लेषक इसे नीतीश की बेचैनी का संकेत मान रहे हैं. क्या पूर्व मुख्यमंत्री अब सत्ता से दूर रहकर भी बिहार पर अपनी पकड़ बनाए रखना चाहते हैं? क्या यह उनकी आदत बन चुकी है कि बिना नियंत्रण के वे चैन से नहीं रह पाते? नीतीश कुमार ने अप्रैल 2026 में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर राज्यसभा जाने का रास्ता चुना था. लंबे समय तक बिहार की सत्ता संभालने के बाद वे राष्ट्रीय राजनीति में कुछ भूमिका निभाना चाहते थे, लेकिन अब महज एक महीने बाद ही उनके बदले-बदले तेवर और लगातार मुलाकातें कई तरह के सवाल खड़े कर रहे हैं.

---

## दर्शन

ज्ञानं तेऽहं सविज्ञानमिदं
वक्ष्याम्यशेषत: ।यज्ज्ञात्वा नेह
भूयोऽन्यज्ज्ञातव्यमवशिष्यते ॥ 2॥

**भाव- मैं तुम्हारे समक्ष उस ज्ञान और विज्ञान को पूर्ण रूप से सामने रखूंगा जिसको जान लेने पर इस संसार में तुम्हारे जानने के लिए और कुछ बाकी नहीं रहेगा.**

श्लोक-2, अध्याय-7, श्रीमद्भगवद्गीता

---

# रहे न रहे हम, महका करेंगे...

धीरेंद्र राय | आजतक



**श्रद्धांजलि**
**सुमन कल्याणपुर**
**(28 जनवरी 1937- 31 मई 2026)**

आधी रात खबर आई कि सुमन कल्याणपुर नहीं रहीं. बॉलीवुड के सुनहरे दौर में वे तीन दशकों तक अपनी आवाज से गीतों को मशहूर बनाती रहीं, लेकिन लता का 'साया' उनके साथ अन्याय करता रहा. जैसे, जब उन्होंने गाया, 'आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे हर जबान पर...', या उनका गाना 'ना तुम हमें जानो, ना हम तुम्हें जानें...', या ये गीत- 'तुमने पुकारा और हम चले आए...', जो सुनने वाले गहराई में नहीं उतरे, उन्हें लगा कि लता गा रही हैं. फिल्म रेशम की डोरी का गाना 'बहना ने भाई की कलाई से प्यार बांधा है...' के बारे में तो मान लिया गया कि ऐसा तो लता मंगेशकर ही गा सकती हैं. सुमन कल्याणपुर का 89 वर्ष की उम्र में मुंबई में निधन हो गया. ग्लैमर की चकाचौंध में कभी अपने सिद्धांतों से समझौता न करने वाली सुमन का जीवन उनकी गायकी से कहीं आगे, एक मिसाल है. आजादी से पहले ढाका का जन्मी सुमन कल्याणपुर का फिल्म जगत में आना कोई प्लानिंग का हिस्सा नहीं था. वे 1950 के दशक की शुरुआत में मुंबई के प्रतिष्ठित जेजे स्कूल ऑफ आर्ट में पेंटिंग सीख रही थीं. रंगों और कैनवास से सजी उनकी दुनिया में संगीत का मोड़ अचानक तब आया, जब कॉलेज के एक कार्यक्रम में गाते दिग्गज गायक तलत महमूद ने सुन लिया. वे वहां बतौर चीफ गेस्ट आए हुए थे. उन्होंने उनकी आवाज को पहचान लिया. फिर कड़ियां जुड़ती गईं, और बॉलीवुड के दरवाजे खुलते गए. साल 1954 में आई फिल्म 'मंगू' से उनका प्रोफेशनल सफर शुरू हुआ. हिंदी फिल्मों के जिस दौर में सुमन कल्याणपुर ने कदम रखा, वह लता मंगेशकर का दौर था.

---

## इतिहास में आज

### जब किसी US राष्ट्रपति ने व्हाइट हाउस में शादी की

JUNE 2

**2 जून 1886 को अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति ग्रोवर क्लीवलैंड व्हाइट हाउस में शादी करने वाले पहले राष्ट्रपति बने. क्लीवलैंड ने अविवाहित रहते हुए व्हाइट हाउस में प्रवेश किया और दो बच्चों के पिता और विवाहित पुरुष बनकर व्हाइट हाउस से विदा हुए. उनकी पत्नी फ्रांसिस फोल्सम थीं, जो उनसे 27 साल छोटी थीं.**


Loot Blink
SABSE BADI DEALS, SABSE BADA FAAYDA!
JOIN INDIA'S MOST TRUSTED
DEALS CHANNEL
SAVE MORE SPEND LESS!
100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED
SAB PE BADI BACHAT!
UP TO 90% DISCOUNT DEALS
BIGGEST DISCOUNTS • BEST BRANDS • LIMITED STOCK
LIMITED STOCK
JOIN KARO AUR PAO SABSE BADI LOOT DEALS!
boat Airdopes 141 TWS Earbuds
₹2,990
₹249
92% OFF
YOU SAVE ₹2,741
Noise Pulse 2 Smart Watch
₹4,999
₹349
93% OFF
YOU SAVE ₹4,650
iPhone 13 128GB
₹59,900
₹5,399
91% OFF
YOU SAVE ₹54,501
SAMSUNG
32" HD Smart TV
89% OFF
YOU SAVE ₹25,800
realme
Narzo N55 (6GB+128GB)
₹13,999
₹799
94% OFF
YOU SAVE ₹13,200
ASUS
Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD)
90% OFF
YOU SAVE ₹40,491
GREEN SOUL
Office Chair Ergonomic
₹14,999
₹1,499
92% OFF
YOU SAVE ₹17,500
SAMSUNG
980 500GB NVMe SSD
₹6,999
91% OFF
YOU SAVE ₹6,400
WILDCRAFT
Backpack
₹1,999
₹149
93% OFF
YOU SAVE ₹1,850
PHILIPS
Trimmer Series 3000
₹1,995
₹199
90% OFF
YOU SAVE ₹1,796
AGARO
Air Fryer 4.5L
₹6,999
₹699
90% OFF
YOU SAVE ₹6,300
PUMA
Men's Running Shoes
₹3,999
91% OFF
YOU SAVE ₹3,650
ZEBRONICS
Study Headphones with Mic
₹1,499
₹169
89% OFF
YOU SAVE ₹1,330
PORTABLE
Laptop Table Foldable
₹1,299
₹129
90% OFF
YOU SAVE ₹1,170
boAt
Stone 650 Bluetooth Speaker
₹3,999
₹199
95% OFF
YOU SAVE ₹3,800
UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS
PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW
100% GENUINE PRODUCTS
FAST DELIVERY ACROSS INDIA
DEALS ITNI BADI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAOGE!
ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!
JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
Instant Deal Alerts
Exclusive Offers
Limited Stock Updates
CLICK HERE
JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
Latest Deals & Offers
Price Drops Alerts
Limited Time Offers
CLICK HERE
SAVE TIME SHOP SMART
SAVE MONEY LIVE BETTER
SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE!
SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.
JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!

| SENSEX | | NIFTY 50 | | USD TO RUPEE | POUND TO RUPEE | EURO TO RUPEE |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 74,267.34 | -508.40 -0.68% | 23,382.60 | -165.15 -0.70% | ₹94.89 | 127.76 | ₹110.64 |

## अचानक बदला शेयर बाजार का मूड, तेज गिरावट




**नई दिल्ली, आजतक**

शेयर बाजार की चाल सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को बदली-बदली नजर आई. मार्केट ओपन होने के साथ ही जहां दोनों इंडेक्स तूफानी तेजी के साथ उछले, तो वहीं दोपहर 12 बजे के आसपास ये शुरुआती तेज गायब हो गई और सेंसेक्स-निफ्टी तेज गिरावट के साथ कारोबार करने लगे. बीते सप्ताह के क्रैश के बाद निवेशकों को राहत की उम्मीद मिली थी, लेकिन कई बड़े कारणों की वजह के ये कायम न रह सकी. इनमें MSCI रिबैलेंसिंग से लेकर एफपीआई की लगातार जारी बिकवाली शामिल हैं.

### RIL और HDFC बैंक की सुस्ती ने डुबोए निवेशकों के पैसे

# दुनिया के बाजार मस्त, भारत पस्त

**मार्केट कैपिटलाइजेशन के हिसाब से रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड सबसे बड़ी कंपनी है. पिछले एक साल में इसने निवेशकों को कोई रिटर्न नहीं दिया है, स्टॉक पिछले एक साल में करीब 6 फीसदी गिरा है. जबकि दुनियाभर के बाजारों में लीडर कंपनी ने जोरदार रिटर्न दिया है.**




बड़ी भारतीय कंपनियों का प्रदर्शन बहुत फीका है. (Photo: AI Generated)

**अमित कुमार दुबे, आजतक**


भारतीय शेयर बाजार में इतना दबाव क्यों है? दुनियाभर के बाजार भाग रहे हैं, लेकिन भारतीय बाजार भागना तो दूर, और पीछे लुढ़क रहा है. पिछले एक साल में निफ्टी ने 5 फीसदी निगेटिव रिटर्न दिया है. जबकि पिछले 5 साल में निफ्टी का रिटर्न देखें तो महज 50 फीसदी रहा है. यानी निवेशकों को पिछले दो वर्षों में कोई मुनाफा नहीं हुआ है, उल्टा कैपिटल पर ग्रहण लगा है. जबकि इस दौरान अमेरिका, जापान, दक्षिण अफ्रीका और ताइवान के बाजार ने उम्मीद से ज्यादा रिटर्न दिए हैं. पिछले एक साल के आंकड़े बता रहे हैं कि भारतीय बाजार बिल्कुल पस्त पड़ा है, आखिर क्यों? क्या विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली एकमात्र कारण है? तमाम एक्सपर्ट्स की मानें तो बाजार में दबाव के मुख्यतौर पर कई कारण हैं, उनमें से एक बड़ा कारण बड़ी कंपनियों का प्रदर्शन दबाव में रहना है. भारतीय बाजार को देखें तो यहां मार्केट कैपिटलाइजेशन के हिसाब से रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL) सबसे बड़ी कंपनी है. फिलहाल कंपनी का मार्केट कैप 18 लाख करोड़ रुपये से भी कम है, जबकि एक समय इस कंपनी का मार्केट कैप बढ़कर करीब 21 लाख करोड़ तक पहुंच गया था.

### अमेरिका का बाजार

**अमेरिका की सबसे बड़ी कंपनी का खिताब एक नया इतिहास रचते हुए एनवीडिया (NVIDIA) ने अपने नाम कर लिया है. AI में पकड़ की वजह एनवीडिया ने माइक्रोसॉफ्ट और एप्पल जैसी दिग्गज कंपनियों को पीछे छोड़ दिया है, एनवीडिया का कुल बाजार मूल्य लगभग $5.2 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच गया है.**

### चीन का शेयर बाजार

**मार्केट कैप के पैमाने से फिलहाल टेंसेंट चीन की सबसे बड़ी कंपनी है. यह दुनिया की भी सबसे बड़ी गेमिंग और सोशल मीडिया कंपनियों में से एक है, इसके ठीक पीछे ई-कॉमर्स दिग्गज अलीबाबा का नंबर आता है. टेंसेंट होल्डिंग्स के स्टॉक ने पिछले एक साल में निवेशकों को अच्छा रिटर्न नहीं दिया है.**




**नवाचार का मंच**

ताइवान के ताइपे में आयोजित कम्प्यूटेक्स 2026 प्रदर्शनी में क्वालकॉम के अध्यक्ष और सीईओ क्रिस्टियानो अमोन ने तकनीक के भविष्य, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और कनेक्टिविटी से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा किए. दुनिया की प्रमुख टेक्नोलॉजी प्रदर्शनियों में शामिल इस आयोजन में वैश्विक कंपनियां अपने नवीनतम उत्पाद और नवाचार पेश कर रही हैं. (Photo: AP)

### 1 जून से नया नियम लागू

# PNG कनेक्शन है तो 30 दिन में सरेंडर करें LPG



एलपीजी और पीएनजी कनेक्शन एक साथ नहीं रख सकते. (Photo: ITG)

**नई दिल्ली, आजतक**

देश में जून महीने की शुरुआत कई बड़े बदलावों के साथ हुई है और इसमें एलपीजी सिलेंडर से जुड़े नियम में चेंज सबसे अहम है. वेस्ट एशिया संघर्ष के चलते देश में पैदा हुए गैस संकट से निपटने के लिए मोदी सरकार ने पहले ही कई बड़े कदम उठाए हैं. 1 जून 2026 के एलपीजी को लेकर नया नियम लागू किया गया है, जो घरेलू उपभोग के लिए सिलेंडर की पर्याप्त आपूर्ति जारी रखने के उद्देश्य से लाया गया है. दरअसल, देश में पाइप्ड नेचुरल गैस यानी PNG कनेक्शन बढ़ाए जा रहे हैं.

### Meta समेत बड़ी टेक कंपनियों की बढ़ी टेंशन

## मलेशिया: 16 साल से कम उम्र वाले नहीं चला सकेंगे सोशल मीडिया

**नई दिल्ली, आजतक**



1 जून 2026 को मलेशिया ने सोशल मीडिया इस्तेमाल करने पर एज लिमिट लागू कर दी है. अब 16 साल से कम एज के बच्चे सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे. इस एज लिमिट कानून के लागू होने के बाद Tik-Tok, Instagram और Face-book जैसे बड़े सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की टेंशन बढ़ गई है. आइए जानते हैं कि यह एज लिमिट क्यों लागू की गई है और सोशल मीडिया कंपनियों की चिंता क्यों बढ़ गई है. आज के समय में सोशल मीडिया का इस्तेमाल लगभग हर कोई करता है, लेकिन इसका असर सबसे ज्यादा बच्चों पर देखने को मिल रहा है. कई बच्चे स्क्रीन देखे बिना खाना तक नहीं खाते हैं और घर से बाहर जाकर खेलना भी कम कर चुके हैं. इसकी वजह से उनकी फिजिकल एक्टिविटी पर असर पड़ता है, जिससे फ्यूचर में हेल्थ प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ सकता है.

### ग्राहकों ने हर मिनट 5 कारें खरीदीं

# मई में मारुति ने बेची 2.42 लाख गाड़ियां

**अश्विन सत्यदेव, आजतक**



मारुति सुजुकी ने मई में डोमेस्टिक मार्केट में कुल 1,93,535 वाहनों की बिक्री की है.

भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने मई 2026 में सेल्स का नया रिकॉर्ड बनाया है. कंपनी ने घरेलू और विदेशी बाजारों को मिलाकर कुल 2,42,688 वाहनों की बिक्री दर्ज की, जो कंपनी के इतिहास की सबसे बड़ी मंथली सेल्स है. खास बात यह रही कि घरेलू बाजार में भी मारुति सुजुकी ने अब तक की सबसे ज्यादा बिक्री का रिकॉर्ड बनाया और 1,93,535 गाड़ियों को ग्राहकों के घर पहुंचाया.

मारुति सुजुकी के अनुसार, मई 2026 में कंपनी ने डोमेस्टिक मार्केट में पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में 1,90,337 यूनिट्स वाहनों की बिक्री की. वहीं लाइट कमर्शियल व्हीकल (LCV) सेगमेंट में 3,198 यूनिट्स बिकीं. इसके अलावा अन्य वाहन निर्माताओं (OEM) को 7,239 यूनिट्स की सप्लाई की गई. कंपनी का एक्सपोर्ट भी इस दौरान तेजी से बढ़ा है. मारुति ने तकरीबन 41,914 वाहनों को विदेशी बाजारों में भेजा है.मारुति सुजुकी की कुल बिक्री (डोमेस्टिक और एक्सपोर्ट मिलाकर) 2,42,688 यूनिट को यदि महीनों, घंटो और यहां तक की मिनट में बांटे तो औसतन कंपनी ने रोजाना 7,806 यूनिट, हर घंटे 325 यूनिट और हर मिनट औसतन 5 कारों की बिक्री की है.

### लगातार दूसरी बार चैंपियन बनते ही कप्तान रजत पाटीदार ने खोला राज

# किसने बदली RCB की किस्मत?

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लगातार दूसरी बार ट्रॉफी जीतकर आईपीएल में अपनी नई बादशाहत स्थापित कर दी है. अब रजत पाटीदार की नजर अब अगले लक्ष्य पर है. उन्होंने साफ संकेत दे दिए कि टीम यहीं रुकने वाली नहीं है.**



आरसीबी ने लगातार दूसरी बार आईपीएल ट्रॉफी उठाई है. (Photo: ITG)

**अहमदाबाद, आजतक**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लगातार दूसरी बार आईपीएल चैम्पियन बनने पर हर तरफ विराट कोहली, रजत पाटीदार और टीम के स्टार खिलाड़ियों की चर्चा हो रही है. लेकिन कप्तान रजत पाटीदार ने जीत के बाद उस 'अनसंग हीरो' का नाम लिया, जो कैमरों से दूर रहकर आरसीबी की सबसे बड़ी ताकत तैयार कर रहा था.

इस अनसंग हीरो का नाम है- ओंकार साल्वी. इस सीजन आरसीबी की सफलता की सबसे बड़ी वजह उसकी गेंदबाजी रही. पाटीदार मानते हैं कि इस बदलाव के असली आर्किटेक्ट टीम के गेंदबाजी कोच ओंकार साल्वी हैं. मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में पाटीदार ने दिल जीतने वाला बयान दिया. उन्होंने कहा, 'मैंने ओंकार साल्वी सर को अपने पहले रणजी सीजन से देखा है.

वह हर गेंदबाज के साथ अलग से समय बिताते हैं. आप उन्हें मीटिंग रूम में कम देखेंगे क्योंकि वह हमेशा गेंदबाजों पर लगातार मेहनत करते रहते हैं. टीम के लिए उन्होंने बहुत मेहनत की है.' यह बयान सिर्फ तारीफ नहीं था, बल्कि आरसीबी के 'नए कल्चर' की कहानी भी बता रहा था. नवंबर 2024 में आरसीबी ने पूर्व मुंबई रणजी कोच ओंकार साल्वी को गेंदबाजी कोच बनाया था. उस समय शायद किसी ने नहीं सोचा था कि वह फ्रेंचाइजी की सबसे बड़ी ताकत बन जाएंगे. लेकिन मुंबई को रणजी ट्रॉफी और ईरानी कप जिताने वाले साल्वी ने आरसीबी की गेंदबाजी यूनिट को पूरी तरह बदल दिया. इस सीजन आरसीबी के तेज गेंदबाजों ने पूरे टूर्नामेंट में दबदबा बनाया. भुवनेश्वर कुमार 28 विकेट लेकर पर्पल कैप की रेस में आखिरी तक बने रहे. बल्लेबाजों के लिए आसान पिचों पर भी उनकी 7.95 की इकोनॉमी शानदार रही.

#### कप्तान ने फ्लावर की भी खूब तारीफ की

**वहीं न्यूजीलैंड के जैकब डफी ने अपने पहले आईपीएल सीजन में शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 मैचों में 9 विकेट हासिल किए. पाटीदार ने सिर्फ ओंकार साल्वी ही नहीं, बल्कि हेड कोच एंडी फ्लावर की भी खुलकर तारीफ की. उन्होंने एंडी फ्लावर को अपने आईपीएल करियर का सबसे बेहतरीन कोच बताया. रजत पाटीदार ने कहा, 'मैंने पांच आईपीएल सीजन खेले हैं और वह सबसे बेहतरीन कोच हैं.**

## सूर्यवंशी के लिए कब खुलेंगे टीम इंडिया के दरवाजे?



**अहमदाबाद, आजतक**

आईपीएल 2026 में अपने विस्फोटक प्रदर्शन से क्रिकेट जगत को हैरान करने वाले वैभव सूर्यवंशी अब भारतीय टीम के दरवाजे पर दस्तक देते नजर आ रहे हैं. महज 15 साल की उम्र में ऑरेंज कैप जीतने वाले इस युवा बल्लेबाज को टीम इंडिया में शामिल करने की मांग लगातार तेज हो रही है.

इसी बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) की ओर से भी उनके भविष्य को लेकर सकारात्मक संकेत मिले हैं. राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में बल्ले से ऐसा धमाका किया कि वह टूर्नामेंट के सबसे चर्चित खिलाड़ी बन गए. उन्होंने सिर्फ रन ही नहीं बनाए, बल्कि ऑरेंज कैप, इमर्जिंग प्लेयर, मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर और सर्वोच्च स्ट्राइक रेट जैसे कई बड़े पुरस्कार भी अपने नाम किए.




### मैदान पर संग्राम

**रियो डी जनेरियो के ऐतिहासिक माराकाना स्टेडियम में ब्राजील और पनामा के बीच खेले गए अंतरराष्ट्रीय मैत्री फुटबॉल मुकाबले में रोमांचक खेल देखने को मिला. मैच के दौरान ब्राजील के डैनिलो ने शानदार हेडर लगाकर अपनी टीम के आक्रमण को मजबूती दी, जबकि पनामा के एडगर बार्सेनास उन्हें रोकने की कोशिश करते नजर आए. दोनों टीमों ने दमदार प्रदर्शन किया. (Photo: AFP)**

### पिछले साल हुए हादसे के बाद फ्रेंचाइजी ने लिया फैसला

## चैम्पियन बनने के बाद भी नहीं निकलेगी RCB की विक्ट्री परेड

**बेंगलुरु/अहमदाबाद, आजतक**



लगातार दूसरी बार IPL चैम्पियन बनने के बावजूद RCB बेंगलुरु में विक्ट्री परेड नहीं करेगी. पिछले साल चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत के बाद प्रशासन ने सार्वजनिक जश्न पर सख्त रुख अपनाया है. नए मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के शपथ ग्रहण समारोह और सुरक्षा इंतजामों को देखते हुए फ्रेंचाइजी ने पुलिस की गाइडलाइन मानने का फैसला किया है. IPL 2026 खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) इस बार अपने घरेलू शहर में विजय जुलूस नहीं निकालेगी. गुजरात टाइटन्स को अहमदाबाद में पांच विकेट से हराकर ट्रॉफी बचाने वाली टीम के फैन्स जहां भव्य सेलिब्रेशन की उम्मीद कर रहे थे, वहीं फ्रेंचाइजी ने सार्वजनिक समारोह से दूरी बनाने का फैसला किया है.

## वैभव के लिए गोयनका का पोस्ट, लिखा- मुझे तुम पर गर्व

**अहमदाबाद, आजतक**

वैभव सूर्यवंशी ने इंडियन प्रीमियर लीग में अपने तूफानी प्रदर्शन से पूरी दुनिया का ध्यान खींचा. वैभव को लेकर अब उद्योगपति और लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका का एक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. गोयनका ने वैभव की पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए उनके संघर्ष और शानदार सफर को याद किया. संजीव गोयनका ने अपने पोस्ट में लिखा, '9 साल पहले वह स्टैंड्स में बैठकर राइजिंग पुणे सुपर जायंट को सपोर्ट कर रहा था.


### दिग्गजों के खास क्लब में मारी एंट्री

# आरसीबी के लिए 'लकी चार्म' बने क्रुणाल

**नई दिल्ली, आजतक**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने लगातार दो आईपीएल खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है. आरसीबी ने 31 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स (GT) को 5 विकेट से फाइनल में हराया.

आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने लगातार दूसरी IPL ट्रॉफी जीतकर धोनी और रोहित शर्मा की बराबरी भी कर ली है. रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी ने एक अलग ही राह पकड़ ली है. वहीं दूसरी ओर क्रुणाल पंड्या भी चर्चा में बने हुए हैं. सोशल मीडिया पर फैन्स लगातार क्रुणाल की बात कर रहे हैं, और उनको आरसीबी का लकी चार्म भी बोल रहे हैं. क्रुणाल पंड्या को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में ₹5.75 करोड़ में अपनी टीम में शामिल किया था. आरसीबी को बैक-टू-बैक आईपीएल ट्रॉफी जिताने में क्रुणाल पंड्या का भी बहुत बड़ा हाथ रहा है. पिछले आईपीएल फाइनल में भी क्रुणाल पंड्या को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब मिला था. इस आईपीएल सीजन भी आरसीबी के लिए क्रुणाल का प्रदर्शन अच्छा रहा, और 16 मैचों में 14 विकेट लिए. वहीं टीम को अपनी बल्लेबाजी से भी योगदान दिया और 226 रन बनाए. आरसीबी से पहले क्रुणाल पंड्या 6 साल (2016-2021) मुंबई इंडियंस की टीम में रहे.



क्रुणाल पंड्या ने जीती अपनी 5वीं IPL ट्रॉफी (Photo:PTI)

फाइनेंस और करियर में आएगा बड़ा उछाल

# गुरु और शनि बनाएंगे 'नवपंचम राजयोग'

**आज गुरु के कर्क राशि में गोचर से शनि के साथ शुभ नवपंचम राजयोग बन रहा है. इससे कर्क, कुंभ, वृश्चिक और मीन राशि वालों के करियर और आर्थिक स्थिति में बड़ा सुधार होगा, साथ ही बैंकिंग-फाइनेंस सेक्टर में उछाल आएगा.**



जून के महीने में गुरु (बृहस्पति) का कर्क राशि में गोचर और उसके तुरंत बाद शनि के साथ नवपंचम योग का बनना ज्योतिषीय दृष्टिकोण से एक बेहद महत्वपूर्ण और प्रभावशाली घटना है. यह ज्योतिष शास्त्र के सबसे शुभ और भाग्यशाली योगों में से एक माना जाता है.

ज्योतिषियों की मानें तो, इस योग के बनने का सबसे बड़ा कारण यह है कि गुरु अपनी उच्च राशि कर्क में प्रवेश कर रहे हैं. कर्क राशि में गुरु सबसे ज्यादा बलवान और शुभ परिणाम देने वाले होते हैं. दूसरी तरफ, शनि अपनी मूलत्रिकोण राशि कुंभ में हैं. जब दो शक्तिशाली और सकारात्मक ग्रह इस तरह का संबंध बनाते हैं, तो इसका शुभ फल कई गुना बढ़ जाता है.

तो आइए जानते हैं कि 2 जून को बनने जा रहे नवपंचम राजयोग से किन राशियों के जीवन में बदलाव आने वाला है.

**कर्क राशि:** गुरु आपकी ही राशि में आ रहे हैं, जिससे आपके मान-सम्मान और आत्मविश्वास में भारी बढ़ोतरी होगी. शनि का सहयोग मिलने से भी आपके रुके हुए काम गति पकड़ेंगे. जो काम लंबे समय से अटके हुए थे, वे अचानक बनने लगेंगे. इस योग के प्रभाव से लोगों में सही निर्णय लेने की क्षमता बढ़ेगी. जो लोग पूरी ईमानदारी से मेहनत कर रहे हैं, उन्हें उनके कर्मों का उत्तम फल मिलेगा.

**कुंभ राशि:** आपकी राशि के स्वामी शनि हैं. गुरु के साथ इस शुभ नवपंचम राजयोग से आपके करियर में तरक्की के योग बनेंगे. आर्थिक स्थिति पहले से काफी मजबूत होगी. यह योग देश की अर्थव्यवस्था, व्यापार और विशेषकर बैंकिंग व निवेश के क्षेत्रों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगा. बैंकिंग, फाइनेंस, शिक्षा और टेक्सटाइल सेक्टर में बड़ा उछाल देखने को मिल सकता है.

श्रद्धालुओं के मानसिक और शारीरिक कष्ट होते हैं दूर

## सोराकायला मंदिर में क्यों लगता है लौकी का भोग



अगर आप इस बार आंध्र प्रदेश के तिरुपति घूमने का प्लान कर रहे हैं तो श्री सोराकायला स्वामी मंदिर आपकी लिस्ट में शामिल जरूर होना चाहिए. भीड़-भाड़ वाले प्रसिद्ध मंदिरों से हटकर यह जगह आपको सुकून और सादगी का एहसास कराएगी. यहां की सबसे खास बात है भगवान को चढ़ाई जाने वाली लौकी, जो इस मंदिर को बाकी मंदिरों से बिल्कुल अलग बनाती है. साथ ही, इस मंदिर के आसपास की खूबसूरत जगह आपको एक परफेक्ट ऑफबीट ट्रैवल डेस्टिनेशन का भी एक्सपीरियंस कराएगी. तो चलिए जानते हैं इस मंदिर की मान्यता और आसपास घूमने वाली जगहों के बारे में.


संत की कहानी और लौकी की परंपरा

आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में पुत्तूर के पास नारायणवरम नाम की जगह पर स्थित श्री सोराकायला स्वामी मंदिर अपनी अलग पहचान के लिए जाना जाता है. मान्यता है कि यहां भगवान अवदूत रूप में धरती पर विराजमान हैं, जिनकी पूजा-उपासना श्री सोराकाया स्वामी के रूप में की जाती है.

राशियों का सोया हुआ भाग्य चमकेगा!

## 8 जून को कर्क राशि में होगा गुरु-शुक्र का महामिलन

द्रिक पंचांग के अनुसार, 8 जून का दिन बहुत ही विशेष रहने वाला है. इस दिन ब्रह्मांड के दो सबसे बड़े और शुभ ग्रह एक अनोखा संगम बनाने जा रहे हैं, जिसका सीधा असर सभी 12 राशियों के जीवन पर देखने को मिलेगा. 8 जून को होने जा रही गुरु और शुक्र की यह युति एक महासंयोग में तब्दील होने वाली है.



8 जून को सुख, वैभव, रोमांस और ऐश्वर्य के दाता शुक्र देव कर्क राशि में प्रवेश कर जाएंगे. खास बात यह है कि ज्ञान, भाग्य और वृद्धि के कारक देवगुरु बृहस्पति पहले से ही (2 जून को गोचर करके) कर्क राशि में विराजमान रहेंगे. ऐसे में 8 जून को कर्क राशि में गुरु और शुक्र की युति (मिलन) से 'गजलक्ष्मी राजयोग' का निर्माण होने जा रहा है. कर्क गुरु की 'उच्च राशि' है, इसलिए उच्च के गुरु और शुक्र का यह मिलना एक विशेष 'धन योग' भी बनाएगा.

तो आइए जानते हैं कि 8 जून को बनने वाले लक्ष्मी नारायण योग किन राशियों के लिए लाभकारी रहेगा.

**वृषभ राशि:** शुक्र आपकी ही राशि के स्वामी हैं. गुरु-शुक्र का यह मिलन आपके साहस और पराक्रम को बढ़ाएगा. भाई-बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा. यदि आप लेखन, पत्रकारिता, कला या मीडिया के क्षेत्र से जुड़े हैं, तो आपको कोई बड़ी सफलता या सम्मान मिल सकता है.


**कर्क राशि:** यह युति आपकी ही राशि के लग्न भाव में बनने जा रही है.

चाणक्य की सीख बदल देगी सोच

# सफल लोग क्यों बनते हैं मूर्ख?

**चाणक्य** कहते हैं कि चालाक बनो, लेकिन मूर्ख दिखो.' इस एक लाइन में जीवन की गहरी रणनीति छिपी है. आज के समय में हर व्यक्ति खुद को समझदार दिखाना चाहता है, लेकिन हर किसी की नीयत साफ नहीं होती है.

अगर आप हर किसी पर जल्दी भरोसा कर लेते हैं या अपनी पूरी समझदारी सबके सामने दिखा देते हैं, तो लोग आपको कमजोर समझकर आपका फायदा उठा सकते हैं. इसलिए चाणक्य की



सीख है कि असली समझदार वही है, जो अपनी चतुराई को छिपाकर रखे. सही समय पर ही उसका इस्तेमाल करे. हर बहस में खुद को सबसे ज्यादा जानकार साबित करना आपको महान नहीं बनाता है. बल्कि लोग आपसे दूर होने लगते हैं या आपको नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं. कई बार सामने वाले की चाल समझकर भी चुप रह जाना ही असली बुद्धिमानी होती है. जब आप चुप रहते हैं, तो लोग अपना असली चेहरा खुद दिखा देते हैं. यही रणनीति आपको बिना झगड़े के आगे बढ़ाती है. चाणक्य यह नहीं कहते कि हमेशा मतलबी बनो. बल्कि वे कहते हैं कि जब हालात खराब हों या जब लोग आपका फायदा उठाने लगें, तब अपने हक के लिए आवाज उठाना जरूरी है. मतलबी बनने का मतलब दूसरों को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि अपनी इज्जत और भलाई के लिए सही फैसला लेना है.

## आज का राशिफल

**मेष**
श्रेष्ठ कार्यों को बढ़ावा देने का समय है. तेजी से लक्ष्य की ओर बढ़त बनाए रखेंगे.

**वृषभ**
वृष - समय साधारण गतिविधियों को बनाए रखने वाला है.

**मिथुन**
बड़े प्रयासों को बढ़ावा देने वाला समय है. महत्वपूर्ण चर्चाओं को सहजता से आगे बढ़ाएंगे.

**कर्क**
कर्क - तार्किक बातों पर ध्यान बढ़ाएं. धूर्तों की लालची बातों से दूर रहें.

**सिंह**
सिंह - अच्छे दोस्तों का साथ समर्थन महत्वपूर्ण मामलों को गति देगा.

**कन्या**
निजी गतिविधियों पर फोकस रखेंगे. पेशेवर मामलों में सक्रियता बढ़ाएंगे.

**तुला**
कार्य व्यापार संवार पर रहेगा. योजनाएं परिणाम तक पहुंचाने की कोशिश बनाए रखेंगे.

**वृश्चिक**
वृश्चिक - चहुंओर श्रेष्ठ फल परिणाम बनाए रखेंगे. वांछित फल पाएंगे.

**धनु**
धनु - साख और प्रभाव बढ़त पर रहेंगे. तेजी से सकारात्मक बदलाव बनेंगे.

**मकर**
मकर - आवश्यक कार्यों में ढिलाई व लापरवाही न दिखाएं.

**कुंभ**
कुंभ - आर्थिक लाभ संवार पर बना रहेगा. लक्ष्य पाने में सफलता मिलेगी.

**मीन**
कार्य व्यापार में लाभ की अच्छी संभावना रहेगी. प्रबंधन के मामले पक्ष में बनेंगे.

## आज का पंचांग

विक्रम संवत: 2083 (कालयुक्त)
शक संवत: 1948

**मास:** ज्येष्ठ (कृष्ण पक्ष)
**तिथि:** कृष्ण द्वितीया (लगभग शाम 05:25 PM तक)
**नक्षत्र:** पूर्वाषाढ़ा (लगभग रात्रि 03:10 AM, 3 जून तक)
**योग:** शुभ योग (लगभग सुबह 08:15 AM तक)
**अशुभ काल / मुहूर्त:**
**राहुकाल:** लगभग 03:00 PM – 04:30 PM
**यमगण्ड काल:** लगभग 09:00 AM – 10:30 AM
**गुलिक काल:** लगभग 12:00 PM – 01:30 PM

### न डीजल का खर्चा न लेबर की टेंशन!

# 'वर्षा रोबोट' करेगा खरपतवार का खात्मा



**नई दिल्ली, किसान तक**

आज के दौर में खेतों में मजदूरों की कमी और लगातार बढ़ती लागत किसानों के लिए एक बहुत बड़ी सिरदर्दी बन चुकी है. इस समस्या का पक्का हल निकालने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI) के वैज्ञानिकों ने एक कमाल की तकनीक विकसित की है. यह भारत का पहला ऐसा आधुनिक कृषि रोबोट है, जिसे खास तौर पर खेतों में उगने वाले अनचाहे खरपतवार को हटाने और सटीक तरीके से बुवाई करने के लिए बनाया गया है. इस रोबोट का नाम 'वर्षा' है. इस मशीन में एडवांस कैमरा सिस्टम, ऑटोमैटिक स्प्रे करने वाले नोजल और सोलर पैनल जैसी बेहतरीन तकनीकें लगाई गई हैं. इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह खेत में केवल उसी जगह दवा छिड़कता है जहां खरपतवार होती है, जिससे खरपतवार नाशकों और रसायनों की भारी बर्बादी रुकती है. इससे हमारी मिट्टी और पर्यावरण को तो फायदा होता ही है, साथ ही किसानों की जेब पर भी खर्च का बोझ काफी कम हो जाता है. यह 'वर्षा' रोबोट सिर्फ दवा छिड़कने वाली मशीन नहीं है, बल्कि इसे एक बुवाई करने वाली मशीन के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है. इसकी बनावट को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसमें जरूरत के हिसाब से बीज बोने वाली यूनिट, मिट्टी खोदने वाला फरो ओपनर और गहराई तय करने वाले पार्ट्स को आसानी से जोड़ा या हटाया जा सकता है. जब इसे बुवाई के लिए खेत में उतारा जाता है, तो यह हर बीज को एक बराबर दूरी पर और मिट्टी के अंदर सही गहराई पर डालता है. इसके बाद यह बीजों को मिट्टी से अच्छी तरह ढक भी देता है ताकि बीज और मिट्टी का संपर्क बेहतर हो. इसका नतीजा यह होता है कि पौधे बहुत अच्छे और स्वस्थ तरीके से उगते हैं. इस तरह यह एक ही रोबोट किसानों के दो सबसे थकाऊ कामों—बुवाई और खरपतवार नियंत्रण—को चुटकियों में निपटा देता है. सबसे अच्छी बात यह है कि किसान इसे साल के बारह महीने किसी न किसी काम में इस्तेमाल कर सकते हैं. इस रोबोट को बनाने में मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर साइंस जैसी कई तकनीकों का बेहतरीन तालमेल किया गया है. इसे भारतीय खेतों के उबड़-खाबड़ रास्तों और अलग-अलग मौसम को ध्यान में रखकर बेहद मजबूत बनाया गया है.

### नुकसान से बचने के लिए वैज्ञानिकों ने दिए बड़े अपडेट

# सावधान! स्ट्रॉबेरी को बर्बाद कर देगी घातक बीमारी

**स्ट्रॉबेरी के लिए विल्ट बीमारी बहुत घातक है जिससे फसल और उत्पादन दोनों का नुकसान होता है. वैज्ञानिकों ने पहली बार फ्यूजेरियम प्रोलिफेरेटम नाम के नए एजेंट का पता लगाया है जो स्ट्रॉबेरी में विल्ट बीमारी को फैला रहा है.**



**नोएडा, किसान तक**

स्ट्रॉबेरी के किसानों के लिए यह जरूरी खबर है. दरअसल, स्ट्रॉबेरी में एक नई बीमारी का पता चला है जो उत्पादन को बड़े पैमाने पर कम कर सकती है. यह बीमारी विल्ट है जो स्ट्रॉबेरी के लिए घातक है. विल्ट बीमारी पहले भी होती रही है, लेकिन उस बीमारी को फैलाने वाले एक नए एजेंट-फ्यूजेरियम प्रोलिफेरेटम की पहचान की गई है. यह पहली बार है जब भारत में स्ट्रॉबेरी के विल्ट रोग से संबंधित इस नए रोग फैलने वाले एजेंट की पुष्टि की गई है. इस बीमारी को पहचानने में हरियाणा के हिसार एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी (HAU) के वैज्ञानिकों ने सफलता पाई है. संस्थान के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बताया कि इस बीमारी को रोकने के लिए सभी तरह के प्रयास और शोध शुरू कर दिए गए हैं. इस नई विल्ट बीमारी को रोकने के लिए HAU के वैज्ञानिकों ने फफूंदनाशी और बायोएजेंट्स के बारे में जानकारी जुटा ली है. इसकी मदद से स्ट्रॉबेरी में होने वाली इस घातक बीमारी को रोका जा सकेगा. वैज्ञानिकों ने बताया कि फफूंदनाशी और बायोएजेंट्स का प्रयोग जल्द ही उन इलाकों में शुरू किया जाएगा जहां इस बीमारी का प्रकोप देखा जा रहा है. वैज्ञानिक अभी इसे ट्रायल के तौर पर प्रयोग शुरू करेंगे. बाद में सफलता के आधार पर इसका दायरा बढ़ाया जाएगा. वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि वे जल्द ही इस बीमारी पर काबू पाने में कामयाब होंगे.

#### HAU वैज्ञानिकों को मिली बड़ी सफलता

**विल्ट के इस नए एजेंट को पहचानने में HAU के वैज्ञानिकों को सबसे पहले सफलता मिली जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता दी गई है. हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक देश में इस बीमारी की खोज करने वाले सबसे पहले वैज्ञानिक हैं. इन वैज्ञानिकों ने स्ट्रॉबेरी के विल्ट रोग पर रिसर्च रिपोर्ट जारी की है जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संस्था ने मान्यता देते हुए अपने जर्नल में प्रकाशन के लिए मंजूर किया है.**



# पटना में दो दिन लगेगा आमों का भव्य मेला

### 100 से अधिक किस्मों की प्रदर्शनी की तैयारी

**अंकित कुमार सिंह, किसान तक**

मई महीने की समाप्ति के साथ ही जून महीने की शुरुआत हो चुकी है और इसके साथ ही बाजारों में अब देसी और विदेशी आमों का बाजार तेजी से सजना शुरू हो गया है. वहीं, इस महीने में देश और राज्य स्तर पर कई तरह के आम महोत्सव आयोजित किए जाते हैं. इसी कड़ी में बिहार नर्सरीमेन एसोसिएशन द्वारा दो दिवसीय "द्वितीय ग्रैंड मैंगो फेस्टिवल 2026" का आयोजन किया जा रहा है. देसी-विदेशी आमों की करीब 100 से अधिक किस्मों का प्रदर्शन किया जाएगा. यानी अब आपको अलग-अलग आम की वैरायटी को देखने और उनका स्वाद चखने का मौका एक ही जगह मिलेगा. बिहार नर्सरीमेन एसोसिएशन के अध्यक्ष ए. के. मणि ने बताया कि आगामी 13 और 14 जून को बधाई बैंक्वेट हॉल, अशियाना–दीघा रोड, पटना में "द्वितीय ग्रैंड मैंगो फेस्टिवल 2026" का भव्य आयोजन किया जा रहा है. इस दो दिवसीय महोत्सव का उद्देश्य बिहार सहित भारत के अलग-अलग राज्यों की उत्कृष्ट, दुर्लभ और प्रीमियम आम किस्मों को एक मंच पर प्रदर्शित करना, किसानों और उद्यमियों को जोड़ना, आम आधारित उद्यानिकी और व्यवसाय को बढ़ावा देना है. वहीं, इस बार महोत्सव का मुख्य आकर्षण "टेस्ट द बेस्ट मैंगो ऑफ इंडिया" रहेगा, जिसके अंतर्गत देश के विभिन्न क्षेत्रों से लाए गए उत्कृष्ट आमों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी.

### क्या आप जानते हैं इसकी कहानी

# भगवान बुद्ध की विरासत से जुड़ा है काला नमक चावल



**संदीप कुमार, किसान तक**

भारत में चावल की कई खास किस्में उगाई जाती हैं, लेकिन कुछ किस्में ऐसी भी हैं जो सिर्फ स्वाद और खुशबू के लिए ही नहीं, बल्कि अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के लिए भी जानी जाती हैं. ऐसी ही एक अनोखी किस्म है काला नमक चावल, जिसे पूर्वी उत्तर प्रदेश की शान माना जाता है. इसकी खास खुशबू और बेहतरीन स्वाद के कारण इसे अक्सर "चावलों का बुद्ध" भी कहा जाता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस चावल का संबंध सीधे भगवान बुद्ध की विरासत से जुड़ा हुआ है? डॉ राम चेत चौधरी के मुताबिक, काला नमक धान का इतिहास करीब 3000 साल पुराना माना जाता है. लोक मान्यताओं के अनुसार, काला नमक चावल का संबंध भगवान बुद्ध से जुड़ा हुआ है. कहा जाता है कि ज्ञान प्राप्ति के बाद जब भगवान बुद्ध बोधगया से अपने पिता की राजधानी कपिलवस्तु जा रहे थे, तब रास्ते में वर्तमान सिद्धार्थनगर जिले के बजहा क्षेत्र के लोगों ने उनका स्वागत किया.

INDIA TODAY GROUP
खेत-खलिहान
ग्रामीण हिन्दुस्तान
हमारी मिट्टी, हमारा पानी
फसल और किसान
किसान Tak
www.kisantak.in
ग्रामीण भारत का सबसे विश्वसनीय पता

गलत कॉस्मेटिक सर्जरी का खामियाजा

# 6 साल से नहीं सो पाई महिला!

**चीन की एक महिला के लिए सुंदर दिखने की चाहत भारी पड़ गई. साल 2020 में कराई गई डबल आईलिड सर्जरी में हुई गंभीर लापरवाही के कारण वह पिछले छह साल से आंखें पूरी तरह बंद करके नहीं सो पा रही है.**




चीन की एक महिला की डबल आईलिड सर्जरी में हुई गंभीर गलती ने उसकी जिंदगी बदल दी. 2020 में कराई गई कॉस्मेटिक सर्जरी के बाद उसकी टियर ग्लैंड में दिक्कत हो गई और पलकें सही तरीके से बंद होना बंद हो गईं.

वह पिछले छह साल से आंखें पूरी तरह बंद करके नहीं सो पा रही है और लगातार आंसू बहने की समस्या से जूझ रही है. जांच में पता चला कि सर्जरी करने वाली महिला के पास डॉक्टर का लाइसेंस नहीं था और क्लिनिक भी नियमों के अनुसार संचालित नहीं हो रहा था. मामला अदालत तक पहुंचा और मुआवजे को लेकर लंबी कानूनी लड़ाई चली. यह घटना कॉस्मेटिक सर्जरी कराने से पहले डॉक्टर और क्लिनिक की पूरी जांच करने की अहम चेतावनी देती है. दरअसल, चीन की एक महिला के लिए सुंदर दिखने की चाहत जिंदगी की सबसे बड़ी परेशानी बन गई. पूर्वी चीन की रहने वाली वांग नाम की महिला ने साल 2020 में डबल आईलिड सर्जरी करवाई थी, लेकिन यह सर्जरी इतनी गलत हो गई कि आज भी वह अपनी आंखें पूरी तरह बंद नहीं कर पाती हैं. इतना ही नहीं, उनकी आंखों से लगातार आंसू बहते रहते हैं और उन्हें कई तरह की शारीरिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. रिपोर्ट के अनुसार, वांग ने जियांग्सू प्रांत के सूझोउ शहर में स्थित एक कॉस्मेटिक क्लिनिक में करीब 12,000 युआन (लगभग 1.4 लाख रुपये) खर्च करके यह सर्जरी करवाई थी.

### कोर्ट तक पहुंचा मामला

वांग का कहना है कि इस घटना ने उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल दी. उन्हें लोगों से मिलने में शर्म महसूस होने लगी, जिसकी वजह से वे अवसाद (डिप्रेशन) और अनिद्रा जैसी समस्याओं का शिकार हो गईं. इसके बाद उन्होंने सर्जरी करने वाली महिला के खिलाफ अदालत में मुकदमा दायर किया.



## दिल्ली की महिला को स्विट्जरलैंड से आया 1.5 लाख का चालान

आजकल एक ट्रेंड बढ़ गया है कि जब भी लोग कहीं घूमने जाते हैं तो वहां खुद ही ड्राइव करते हैं. ऐसी है एक महिला ने भी किया था, जब वो स्विट्जरलैंड घूमने गए थीं. लेकिन, जब वो अपनी छुट्टियां पूरी करके घर लौटीं तो एक साल बाद उन्हें स्विट्जरलैंड से 1.5 लाख के ट्रैफिक चालान का नोटिस आ गया. एक साल पहली की ट्रिप के चालान को नोटिस अब मिला है. अब महिला ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी है.

## आज की तस्वीर



### रैंप पर ग्लैमर


मियामी बीच में आयोजित पैराइसो मियामी स्विम वीक 2026 के दौरान फैशन और ग्लैमर का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला. ओशनस रनवे शो में मॉडलों ने स्विमवियर कलेक्शन को रैंप पर पेश किया. आकर्षक डिजाइनों, आधुनिक फैशन ट्रेंड्स और रचनात्मक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का ध्यान खींचा. स्विम वीक दुनिया के प्रमुख फैशन आयोजनों में से एक माना जाता है, जहां डिजाइनर अपने नए कलेक्शन प्रदर्शित करते हैं और वैश्विक फैशन उद्योग की नई दिशाओं को सामने लाते हैं. (Photo: AFP)

सोशल मीडिया पर लूटी वाहवाही

# फ्लाइट में एयर होस्टेस ने बुजुर्ग पैसेंजर के दबाए पैर

सोशल मीडिया पर एक एयर होस्टेस का वीडियो काफी शेयर किया जा रहा है. इंडिगो की इस एयर होस्टेस ने फ्लाइट में मानवता की ऐसी तस्वीर पेश की है, जिससे हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है. जमीन से 30 हजार फीट की ऊंचाई पर ऐसी तस्वीर कम ही देखने को मिलती है.


दरअसल, वीडियो में एयर होस्टेस एक यात्री का पैर दबाती नजर आ रही हैं और अब ये वीडियो लोगों को दिल जीत रहा है. बताया जा रहा है कि फ्लाइट में एक महिला यात्री के पैरों में काफी तेज दर्द हो रहा था, जिसके बाद एयर होस्टेस ने उन्हें जमीन पर बैठाकर उनके पैर दबाना शुरू कर दिया. वीडियो को इंटरनेशनल केबिन क्रू डे पर फ्लाइट अटेंडेंट जेनिफर ने शेयर किया है और अपना अनुभव भी लोगों के साथ शेयर किया है. जेनिफर के अनुसार, ये उस वक्त की बात है, जब वो खाना खाने के लिए ब्रेक की तैयारी कर रही थी. उस वक्त एक बुजुर्ग महिला उसके सामने आकर बैठ गई और पहले तो उसने सोचा कि वह यात्री बस थोड़ी देर के लिए ही वहां रहेगी. लेकिन वो वहां बैठी रही और वो महिला पैसेंजर थोड़ी परेशान लग रही थी. जेनिफर ने बताया कि महिला पहले अपने घुटने और पैर दबा रही थी और उन्हें बहुत तेज दर्द हो रहा था.



178% रिटर्न का वीडियो वायरल

# यूट्यूबर ने एक दिन में सत्तू बेचकर कमाए 890 रुपए

सोशल मीडिया पर आए दिन ऐसे वीडियो वायरल होते रहते हैं, जिनमें लोग अलग-अलग बिजनेस आइडिया आजमाकर अपनी कमाई का अनुभव शेयर करते हैं. इन दिनों एक महिला यूट्यूबर का ऐसा ही वीडियो लोगों का ध्यान खींच रहा है. इस वीडियो में यूट्यूबर ने एक दिन के लिए समुद्र किनारे सत्तू बेचने का फैसला किया और यह जानने की कोशिश की कि क्या इस पारंपरिक भारतीय ड्रिंक को बेचकर अच्छी कमाई की जा सकती है. वीडियो की शुरुआत सत्तू तैयार करने से होती है. महिला यूट्यूबर सबसे पहले सत्तू, नींबू, मसाले, पानी और अन्य



जरूरी सामग्री खरीदती है. इसके बाद वह समुद्र किनारे पहुंचती है, जहां बड़ी संख्या में लोग घूमने आते हैं. उसका मकसद सिर्फ पैसे कमाना नहीं था, बल्कि यह समझना भी था कि एक छोटे फूड बिजनेस को चलाने में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है.

टैक्स फ्री सैलरी, बिजनेस क्लास यात्रा की सुविधा

# पायलट ने गिनाए 'सपनों की नौकरी' के फायदे

दुनिया भर में पायलट की नौकरी को काफी आकर्षक और सम्मानजनक करियर में से एक माना जाता है. अच्छी सैलरी, विदेश यात्रा और शानदार सुविधाएं इस नौकरी को और भी खास बनाती हैं.

हाल ही में एतिहाद एयरवेज में काम करने वाली एक भारतीय पायलट ने बताया कि इस एयरलाइन में नौकरी करने के क्या-क्या फायदे हैं. उनका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इसे देखकर काफी प्रभावित हो रहे हैं. भारतीय पायलट निकिता तोमर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने एतिहाद एयरवेज में काम करने के सात बड़े फायदों के बारे में बताया.



उनके मुताबिक, यह सिर्फ एक नौकरी नहीं बल्कि एक शानदार लाइफस्टाइल है. निकिता ने बताया कि एतिहाद एयरवेज में मिलने वाली सैलरी पर कोई भी टैक्स नहीं लगता है. यानी जो भी वेतन मिलता है, वह सीधे एंप्लॉयी के खाते में आता है. इससे कर्मचारियों को अपनी कमाई का पूरा फायदा मिलता है. उन्होंने बताया कि एयरलाइन अपने एंप्लॉयी को ही नहीं, बल्कि उनके परिवार और कई मामलों में दोस्तों को भी बिजनेस क्लास में यात्रा करने की सुविधा देती है इससे दुनिया के अलग-अलग देशों की यात्रा करना काफी आसान और आरामदायक हो जाता है. पायलट और क्रू मेंबर्स को काम के दौरान टोक्यो, पेरिस, स्पेन, न्यूयॉर्क और कई अन्य बड़े शहरों में रहने का अवसर मिलता है.

### युद्धविराम के बीच नेतन्याहू ने सेना को दिया आदेश

# लेबनान में और अंदर घुसेगा इजरायल

**इजरायल ने हिजबुल्लाह के खिलाफ लेबनान में अपने जमीनी सैन्य अभियान को तेज कर दिया है. इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान में ऐतिहासिक बियोफोर्ट किले पर कब्जा कर लिया है और जहरानी नदी की ओर तेजी से बढ़ रही है.**

- जहरानी नदी की तरफ बढ़ रही इजरायली सेना
- सस्ते ड्रोनों से हमला कर रहा हिज्बुल्लाह


इजरायल ने लेबनान के खिलाफ जमीनी कार्रवाई तेज कर दी है. (Photo: Reuters)

तेल अवीव, आजतक

इजरायल ने युद्धविराम के बावजूद, ईरान समर्थित हिज्बुल्लाह आतंकवादी समूह के खिलाफ अपने जमीनी सैन्य अभियान को और तेज कर दिया है. इस बीच, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी सेना को लेबनान में आगे बढ़ने का बड़ा आदेश दिया है. प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने एक बयान जारी करते हुए अपनी सेना को सख्त निर्देश दिए हैं. उन्होंने साफ शब्दों में कहा, 'मैंने सेना को लेबनान में अपने जमीनी पैंतरेबाजी को और विस्तार देने का निर्देश दिया है.' नेतन्याहू ने आगे कहा कि उनका मकसद उन जगहों पर इजरायल की पकड़ को और ज्यादा गहरा और मजबूत बनाना है, जो अब तक हिजबुल्लाह के नियंत्रण में थीं. इजरायली सेना पहले से ही लेबनान की लितानी नदी तक के क्षेत्र को अपने नियंत्रण में ले चुकी है. लेकिन अब इजरायली सैनिक वहां से लगभग 10 किलोमीटर उत्तर में स्थित जहरानी नदी की तरफ तेजी से आगे बढ़ रहे हैं.

इजरायली सेना के मुताबिक, अप्रैल में हुए युद्धविराम के बाद शनिवार का दिन सबसे भारी था, जब हिज्बुल्लाह ने उत्तरी इजरायल पर भीषण गोलाबारी की. इस हमले के बाद इजरायल को अपने कई स्कूल बंद करने पड़े और कई तरह की पाबंदियां भी लगानी पड़ीं. हाल ही में इजरायली सैनिकों ने दक्षिणी लेबनान में स्थित 900 साल पुराने ऐतिहासिक बियोफोर्ट किले और एक रणनीतिक पहाड़ी पट्टी पर पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया है.

### फ्रांस ने बुलाई यूएन की इमरजेंसी मीटिंग

**लेबनान में लगातार बढ़ती इस हिंसा को देखते हुए ग्लोबल लेवल पर भी चिंता बढ़ गई है. फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि उसने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) की एक आपातकालीन बैठक बुलाई है. इस बीच, इजरायल में होने वाले आगामी चुनावों में नेतन्याहू के प्रतिद्वंद्वी नफ्ताली बेनेट ने लेबनान में सख्त कार्रवाई की मांग की है.**



### भारत आए नेपाल की सत्ताधारी पार्टी के अध्यक्ष

पंकज दास, आजतक

नेपाल के चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर दो तिहाई के करीब बहुमत के साथ सरकार बनाने वाले राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने 1 से 5 जून तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे. यह यात्रा भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निमंत्रण पर हो रही है. आरएसपी और बीजेपी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्तियों के अनुसार, इस दौरे का उद्देश्य दोनों दलों के बीच औपचारिक राजनीतिक संवाद शुरू करना, संगठनात्मक अनुभवों का आदान-प्रदान करना और नेपाल-भारत संबंधों को और मजबूत बनाना है.

### वॉर सायरन बजा, मची अफरातफरी

# ईरान ने कुवैत पर दागीं मिसाइलें और ड्रोन्स

कुवैत सिटी, आजतक

ईरान ने सोमवार सुबह-सुबह कुवैत पर बड़ा अटैक करते हुए मिसाइल और ड्रोन की बौछार की, जिसके बाद पूरे देश में सायरन बज रहे हैं, जिससे लोगों में दहशत फैल गई है और सुरक्षित जगहों की ओर दौड़ पड़े. कुवैत न्यूज एजेंसी ने बताया कि पूरे देश में सायरन बज रहे हैं. सेना ने एयर डिफेंस सिस्टम को एक्टिव कर दिया है जो दुश्मन की ओर से दागी जा रही मिसाइलों और ड्रोन्स के हमलों को रोक रहा है. इस बीच अमेरिकी सेंट्रल कमांड (US CENTCOM) ने ईरान पर सैन्य हमलों की पुष्टि की है. CENTCOM के अनुसार, अमेरिका ने ईरानी कार्रवाइयों के जवाब में 'सेल्फ-डिफेंस' स्ट्राइक्स किए. ईरान ने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में



उड़ रहे अमेरिकी MQ-1 ड्रोन को मार गिराया था, जिसके जवाब में ये कार्रवाई की गई.

सेंटकॉम ने बताया कि ये हमले शनिवार और रविवार को किए गए थे. इस दौरान अमेरिकी फाइटर एयरक्राफ्ट ने ईरानी एयर डिफेंस सिस्टम, ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और दो वन-वे अटैक ड्रोनों को नष्ट कर दिया. ईरान के गोरुक इलाके और केश्म द्वीप पर रडार तथा ड्रोन कमांड एंड कंट्रोल साइट्स को निशाना बनाया गया है.



### क्वारंटीन सेंटर का विरोध

केन्या के नान्युकी में प्रस्तावित इबोला क्वारंटीन केंद्र के खिलाफ लोगों का विरोध प्रदर्शन तेज हो गया. प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतरकर फैसले के खिलाफ नाराजगी जताई और कई स्थानों पर बैरिकेड लगाकर विरोध किया. स्थानीय लोगों का कहना है कि परियोजना को लेकर उनकी चिंताओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है. (Photo: AP)

### अमेरिकी हमले रुकने के बाद उठाया कदम

# ईरान ने फिर खोलीं अंडरग्राउंड मिसाइल साइट्स

ऋचीक मिश्रा, आजतक

ईरान ने अपने अंडरग्राउंड मिसाइल ठिकानों को तेजी से दोबारा खोल रहा है, जिससे वह इजरायल और मध्य पूर्व के अन्य देशों पर लंबी दूरी की मिसाइलें फिर से दागने की स्थिति में पहुंच गया है. यह घटना अमेरिका और इजरायल की महंगी बमबारी योजना की कमजोरी को उजागर करती है.

हफ्तों तक चले हमलों में अमेरिका और इजरायल ने सड़कों को नष्ट कर दिया था और टनल के प्रवेश द्वारों को मिट्टी से ढक दिया था, लेकिन अब सीएनएन द्वारा देखी गई सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि ईरान ने साधारण बुलडोजर और डंप ट्रकों की मदद से इन बाधाओं को पार कर लिया है.'


पीले घेरे में दिख रहे रास्ते अंडरग्राउंड मिसाइल सिटी के गेट हैं. (Photo: Airbus/IRGC)

इससे साफ है कि सिर्फ टनल के मुंह बंद करने से ईरान की मिसाइल क्षमता को पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सकता. विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान के पास अब भी काफी मिसाइल स्टॉक है. लॉन्चर और क्रू तैयार हैं.

### ड्रोन गिरने पर भड़का अमेरिका

# US ने ईरान के दो द्वीपों पर फाइटर जेट से बरसाए बम

वॉशिंगटन, आजतक

अमेरिका ने ईरान के दो जगहों पर सैन्य हमले किए हैं. ये हमले ईरान द्वारा अमेरिकी MQ-1 ड्रोन गिराए जाने के जवाब में किए गए. अमेरिकी सेना ने इसे आत्मरक्षा का कदम बताया है. ईरान के गोरुक और केश्म द्वीप पर हुए इन हमलों में ईरानी एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन कंट्रोल स्टेशन और दो हमलावर ड्रोन नष्ट कर दिए गए. यह घटना 2026 के अमेरिका-ईरान संघर्ष में नाजुक सीजफायर के बीच हुई है, जब दोनों देश स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज को दोबारा खोलने की



कोशिश कर रहे हैं. अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENTCOM) के अनुसार, ईरान ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा में उड़ रहे अमेरिकी MQ-1 ड्रोन को गिरा दिया. इसके जवाब में शनिवार और रविवार को अमेरिकी फाइटर जेट्स ने तेजी से कार्रवाई की.



बॉलीवुड के सबसे पॉपुलर कपल्स में से एक 'सैफीना' यानी सैफ अली खान और करीना कपूर को स्क्रीन पर साथ दिखे 12 साल हो चुके हैं. अब सैफ ने खुद खुलासा किया है कि वो बेबो के साथ काम क्यों नहीं करना चाहते.

# करीना के साथ काम करने की सैफ ने रखी शर्त

**12 साल से स्क्रीन से क्यों दूर है 'सैफीना' की जोड़ी?**

बॉलीवुड में सेलेब्रिटी कपल्स के लिए फैंस का क्रेज देखने को तो बहुत मिला है, मगर इस मामले में 'सैफीना' को कोई दूसरा कपल टक्कर नहीं दे सकता. सैफ अली खान और करीना कपूर की लव स्टोरी से ही पहली बार इंटरनेट ने 'कपल नेम्स' का पॉपुलर ट्रेंड शुरू किया था.

डेटिंग से लिव-इन, शादी और बच्चे... 'सैफीना' हमेशा जनता की नजरों में रहे. रियल लाइफ ही नहीं, रील लाइफ में भी दोनों की जोड़ी फैंस को खूब पसंद रही. एलओसी: कारगिल, ओमकारा, टशन, कुर्बान जैसी फिल्मों में दोनों ने साथ काम किया. मगर सैफ-करीना की जोड़ी आखिरी बार 12 साल पहले फिल्म हैप्पी एंडिंग में साथ नजर आई थी. तब से आज तक फैंस दोनों को एक फिल्म में साथ देखने की तमन्ना दिल में ही लिए बैठे हैं.

## एक्ट्रेस से वीडियो कॉल पर डिमांड, हुई शॉक्ड



एक्ट्रेस और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर मुस्कान वार्ष्णेय इन दिनों अपनी नई रिलीज हुई हिंदी फिल्म 'जीना दिल से' में शानदार एक्टिंग के लिए दर्शकों की खूब तारीफें बटोर रही हैं. वहीं फिल्मों में आने का उनका सफर आसान नहीं रहा है. एक्ट्रेस ने अपने शुरुआती दिनों और कास्टिंग काउच को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है.

## आलिया से झगड़े की खबरों पर भड़के बॉबी





बॉबी देओल और आलिया भट्ट जल्द स्पाई थ्रिलर फिल्म अल्फा में नजर आएंगे. मूवी की शूटिंग जोरो शोरों से चल रही है.

इस दौरान सुनने में मिला कि सेट पर आलिया और बॉबी के बीच टशन देखने को मिल रहा है. दोनों के बीच अनबन होने की खबरें आईं. एक्टर्स के बीच विवाद की ये खबर कितनी सच है, इसका खुलासा बॉबी ने एक इंटरव्यू में किया है. एक्टर का कहना है आलिया और उनके बीच कोई झगड़ा नहीं है. बॉबी ने इंडिया टीवी के टॉक शो में अल्फा के सेट का सच बताया है.

उन्होंने शूटिंग के दौरान आलिया भट्ट संग नाराजगी होने की अटकलों को खारिज किया है. बॉबी के मुताबिक, जब उन्होंने मीडिया रिपोर्ट्स में आलिया संग झगड़े की न्यूज देखी तो वो खुद भी शॉक्ड थे. रिपोर्ट्स में दावा था कि अल्फा के सेट पर बॉबी और आलिया में झगड़ा हुआ है.

## आज की तस्वीर





**एलिया का जलवा**

टेनेसी के नैशविल में आयोजित CMA के कंट्री फॉरवर्ड कार्यक्रम में हॉलीवुड एक्ट्रेस एलिया एस्पार्ज़ा ने अपनी मौजूदगी से आकर्षण बटोरा. ऑरा लाउंज में आयोजित इस विशेष आयोजन में संगीत और मनोरंजन जगत की कई हस्तियां शामिल हुईं. एलिया का स्टाइलिश अंदाज और आत्मविश्वास कार्यक्रम का केंद्र बना रहा. (Photo: AFP)

## सुपरस्टार मोहनलाल ने बनाया खुद का ऑर्गेनिक बगीचा

मोहनलाल मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के सबसे सफल सुपरस्टार्स में से एक हैं. उन्हें इंडियन सिनेमा के दिग्गज कलाकारों में शुमार किया जाता है. लेकिन उनका टैलेंट सिर्फ एक्टिंग या फिल्मों तक ही सीमित नहीं है. वो कई दूसरी चीजों में भी लक आजमा चुके हैं. मोहनलाल का खुद का एक ऑर्गेनिक बगीचा भी है.


## भूमि पेडनेकर को तलाकशुदा एक्टर पर था क्रश




बॉलीवुड में एक लंबे ब्रेक के बाद अब इमरान खान फिल्म 'अधूरे हम अधूरे तुम' के जरिए धमाकेदार वापसी करने जा रहे हैं. इस फिल्म में उनके साथ नजर आने वाली हैं एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर. इमरान की इस घर-वापसी से जितने एक्साइटेड उनके फैंस हैं, उससे कहीं ज्यादा एक्साइटेड खुद भूमि पेडनेकर हैं. भूमि ने हाल ही में खुलासा किया है कि बढ़ते हुए दिनों में इमरान खान उनका सबसे बड़ा 'क्रश' हुआ करते थे.

**नए पैकेज में पुराना गाना, अक्षय कुमार हुए ट्रोल**

# कटरीना के आगे 'छोटा' दिखा दिशा का कद





बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार इन दिनों अपनी मोस्ट अवेटेड कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं.

हाल ही में इस फिल्म का भोजपुरी गाना 'घिस-घिस' रिलीज हुआ था, जिसने सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरीं. अब मेकर्स ने फिल्म का दूसरा गाना भी रिलीज कर दिया है, जिसके बोल हैं 'ऊंचा लंबा कद'. यह गाना साल 2007 में आई सुपरहिट फिल्म 'वेलकम' के आइकॉनिक गाने का नया और रीक्रिएटेड वर्जन है. इस नए वीडियो में अक्षय कुमार के साथ ग्लैमरस अंदाज में दिशा पाटनी नजर आ रही हैं. हालांकि, गाने का सबसे ध्यान खींचने वाला सीन इसका एंडिंग है, जहां अक्षय कुमार कैमरे के सामने दिल से कहते नजर आते हैं- 'We Miss You Katrina' (हम तुम्हें मिस कर रहे हैं कटरीना). इस गाने को अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर करते हुए अक्षय कुमार ने फैंस के लिए एक खास नोट भी लिखा. अक्षय ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'आपने इसे एक बार सुना और आप अब भी इसके दीवाने हैं... अब हम वही वाइब जंगल में लेकर आ रहे हैं.' आपको याद दिला दें कि अक्षय कुमार और कटरीना कैफ की जोड़ी 2000 के दशक की सबसे ब्लॉकबस्टर जोड़ियों में से एक रही है. दोनों ने एक साथ कई फिल्मों में काम किया और फैंस को ढेर सारे सदाबहार गाने दिए. इनमें से सबसे खास साल 2007 में आई फिल्म 'वेलकम' का ओरिजिनल गाना 'ऊंचा लंबा कद' था.

# JOIN OUR PAID SERVICE – 2026

Daily PDF Access | Editorial Bonus | Almost All Editions

## ENGLISH NEWSPAPERS

The Hindu, Indian Express, Hindustan Times, Business Line, Business standard, The Live Mint, Times of India, Telegraph, New Indian Express, Asian Age, Statesman, Tribune, Pioneer, Financial Express, The Economic Times, Mid-Day, Deccan Chronicle, Employment News, Free Press Journal, Hans India, Deccan Herald, Lokmat Times, Mirror, Telangana Today

## HINDI NEWSPAPERS

दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, बिज़नेस स्टैण्डर्ड, राजस्थान पत्रिका, हरी भूमि, लोकसत्ता , पायनियर , दैनिक ट्रिब्यून , द हिन्दू, राष्ट्रीय सहारा , नवभारत टाइम्स, पंजाब केसरी, जनसत्ता, देशबंधू, प्रभात खबर, दैनिक नवज्योति, आईनेक्स्ट लाइव, लोकमत, नव भारत, नई दुनिया

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

## Full Package : All in One Plan

The Hindu Plan

(Starter) 1 Month = 199 ₹99
(Popular) 6 Month = 599 ₹349
(Best Value) 1 Year = 999 ₹549

Special Offer

You will Get

- 20+ Hindi Newspapers
- 22+ English Newspapers
- THE Hindu, BL,IE,TOI,ET, etc..
- Dainik Jagran, NBT, DB, Etc..
- Editorial Complation (En & Hi)
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers



Order Now

## The Hindu, BL, IE, NIE Plan

The Hindu Plan

(Starter) 1 Month = 149 ₹69
(Popular) 6 Month = 499 ₹269
(Best Value) 1 Year = 799 ₹399

Special Offer

You will Get

- The Hindu (TH)
- Business Line (BL)
- Indian Express (IE)
- New Indian Express (NIE)
- Editorial Complation
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

LIMITED TIME OFFER

Telegram Access Available

→ CLICK HERE & JOIN NOW